

पेज -3 पर

धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 211 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 10 जून 2022

रायगढ़ में भूमि उपयोग बदलना आज भी हिमालय

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश और गुजरात के राज्यपाल ने की मुलाकात





**रायपुर।** विगत दिवस हिमाचल प्रदेश के शिमला प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की सुश्री अनुसुईया उइके ने हिमाचल प्रदेश के राजभवन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री राजेंद्र आर्लेकर एवं गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत से मुलाकात की। इस भेंट के दौरान राज्यपाल सुश्री उइके ने देश प्रदेश की वर्तमान परिस्थिति, सामाजिक सद्भाव एवं जनता के विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की। साथ ही राज्यपाल ने राजभवनों में किए जा रहे नवाचार एवं गतिविधियों के संबंध में संबंधित राज्यपालों से विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर सुश्री उइके ने प्रदेश के नागरिकों को उनके अधिकारों की रक्षा एवं भारत शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में राज्यपालों से चर्चा की। साथ ही राज्यपालों से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जा सके इस पर भी विचार विमर्श किया गया।

# उद्यानिकी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें

*रायपुर। विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता ने आज अपेक्स बैंक पण्डरी के सभागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यानिकी फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाए।*

उद्यानिकी (हार्टिकल्चर) के लिए समिति प्रबंधकों, सुपरवाईजर्स को ऋण वितरण के लिए लक्ष्य आबंटित किया जाए। लक्ष्य पूर्ति की सतत समीक्षा की जाए। किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिए समुचित ऋण सुविधा शिविर के माध्यम से रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाए। विशेष सचिव सहकारिता ने कहा कि उद्यानिकी, मक्का, दलहन, तिलहन, मिलेट्स, गन्ना, सुगंधित धान एवं फोर्टिफाइड



धान फसलों के लिए फसल ऋणमान स्वीकृत किए गए हैं। ऐसे किसान जो धान के अतिरिक्त अन्य फसल अपनाना चाहते हैं, उन्हें समुचित ऋण सुविधा रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाए। विशेष सचिव सहकारिता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यूरिया और डीएपी खाद का समितियों के गोदामों में समुचित भण्डारण किया जाए। जिला विपणन अधिकारी से समन्वय बनाकर समितियों में खाद का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। मिलावट की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समितियों में धान के उठाव और मिलान की जिलेवार समीक्षा करें। सहकारी समितियों में शासन द्वारा स्वीकृत गोदाम निर्माण की कार्यवाही की निरंतर समीक्षा करें। श्री हिमशिखर गुप्ता ने प्रदेश में संचालित शक्कर कारखाना की समीक्षा करते हुए कहा कि हर कारखाना को सीसी लिमिट दी जाए। इसके लिए कारखानावार लिमिट भी तय कर ली जाए। लाभ-हानि को कैसे कम किया जाए, इसकी भी कार्ययोजना बनाएं। आगामी सीजन की तैयारी के लिए भी कार्ययोजना बनाकर भेंजे। इस वर्ष अपेक्स बैंक द्वारा धान फसल के अतिरिक्त अन्य फसलों के लिए जिला बैंकों को 580 करोड़ का ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# कोल ब्लॉक के विरोध में प्रस्ताव पारित, जिला प्रशासन बता रहा इसे अवैध

*रायपुर। छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल ब्लॉक को लेकर प्रदेश की राजनीति में घमासान मचा है। इस बीच परसा ईस्ट केते बासेन (PEKB) परियोजना के विस्तार को लेकर ग्रामसभा में खदान के विरोध का प्रस्ताव पास होने से हड़कंप मच गया है।*



सरगुजा कलेक्टर के निर्देश पर घाटबर्रा के सरपंच ने ग्राम सभा आयोजित कराई। ग्रामसभा में खदान के विरोध में प्रस्ताव पारित हुआ। अब सरगुजा प्रशासन उस ग्राम सभा को अवैधानिक बताने में जुटा हुआ है। बता दें कि 25 मई को कलेक्टर संजीव झा ने एक आदेश जारी कर घाटबर्रा में प्रस्तावित खदान परियोजना के लिए विशेष ग्राम सभा कराने का निर्देश दिया था। 28 मई की तिथि निर्धारित की गई थी। घाटबर्रा के सरपंच जयनंद पोर्ते ने बताया कि 28 मई को ग्रामसभा बुलाई गई, लेकिन ग्रामीणों ने ग्रामसभा के प्रस्ताव का कड़ा विरोध शुरू किया और विवाद की स्थिति बन गई। तब प्रशासन ने ग्रामसभा को स्थगित कर दिया और एसडीएम ने फोन पर चर्चा के बाद 4 जून को ग्राम सभा की तारीख तय की। 4 जून को भी ग्रामसभा में हंगामे के कारण बैठक नहीं हो पाई। इसके बाद 8 जून को ग्रामसभा आयोजित की गई। ग्रामसभा में मौजूद लोगों ने खदान के लिए भूमि-अधिग्रहण और मुआवजे आदि के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। प्रशासन के प्रस्ताव के विरोध में पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित कर दिया।

### 7 जून का आदेश का हवाला, किसी को पता नहीं

घाटबर्रा सरपंच और सचिव ने इसकी जानकारी एसडीएम और जनपद पंचायत को प्रेषित कर दी। इसके बाद से ही सरगुजा जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। अब प्रशासन की ओर से 7 जून 2022 की तारीख अंकित एक आदेश जारी कर 25 मई को जारी ग्रामसभा के आदेश को आगामी आदेश तक स्थगित करने के लिए कह दिया है। यह आदेश प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जारी किया है। इस आदेश के जरिए जिला प्रशासन बताने की कोशिश कर रहा है कि 8 जून को घाटबर्रा में हुई विशेष ग्राम सभा कलेक्टर के आदेश के तहत आयोजित नहीं हुई है और 8 जून को आयोजित हुई ग्रामसभा अवैधानिक है।

### घाटबर्रा गांव को विस्थापित करने का है प्रस्ताव

***परसा-केते कोल परियोजना राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को वर्ष 2012 में आबंटित की गई थी। इसमें वर्ष 2013 से खनन चल रहा है। पहले फेज के बाद परसा ईस्ट केते बासेन कोल परियोजना का प्रस्ताव 2019 में आया था। पीईकेबी कोल ब्लॉक में 2711 हेक्टेयर भूमि पर कोयला खनन किया जाएगा, जिसमें 1898 हेक्टेयर भूमि वनक्षेत्र है। कोल ब्लॉक में परसा, फतेहपुर, हरिहरपुर एवं घाटबर्रा के ग्रामीणों की भूमि भी शामिल है। इसमें घाटबर्रा पूरी तरह से विस्थापित होगा एवं 3 अन्य गावों को मिलाकर करीब 3500 से अधिक ग्रामीण विस्थापित होंगे। पिछले दिनों मंत्री टीएस सिंहदेव ने खदान का विरोध करने वाले ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कह दिया था कि यदि गोली चली तो पहली गोली वे खाएंगे।***



अब अबूझ नहीं रहेगा अबूझमाड़

# नक्सलगढ़ के 58 गांवों का हुआ सर्वे, आदिवासियों में जागी तकदीर बदलने की आस

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ का अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर का अबूझमाड़...। अबूझमाड़ आजादी के इतने वर्षों बाद भी अबूझ पहेली है। जमीन है, लेकिन कितनी है, कहां है, कोई रिकॉर्ड नहीं। खेती तो करते हैं, लेकिन केसीसी न होने से कर्ज नहीं मिलता। फसल है पर बिक्री की व्यवस्था नहीं। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बाद अबूझमाड़ को बूझा जा रहा है। फोर्स के कैंपों में राशनकार्ड और आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जवानों की मौजूदगी में सड़कें बन रही है। स्कूल, स्वास्थ्य सहित सुविधाएं गांवों तक पहुंच रही है। अबूझमाड़ के गांवों की सीमा जानने सरकार सर्वे करा रही है। जिला प्रशासन ने अब तक 58 गांवों का सर्वे पूरा किया है। लाल आतंक पर जवान लगाम कस रहे हैं तो योजनाएं भी धीरे-धीरे गांवों तक पहुंच रही है। नक्सल प्रभावित ओरछा के सुमन लाल उसेंडी के लिए बुधवार का दिन खास था। उनके खेत में बड़ी संख्या में आदिवासी पहुंचे।

# कैंसर मरीजों और उनके परिजनों में मानसिक समस्या की पहचान और इलाज के लिए दो दिवसीय कार्यशाला

**रायपुर।** राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कैंसर के मरीजों एवं उनके परिजनों में होने वाले मानसिक समस्याओं की पहचान कर उनके इलाज के लिए रायपुर में 9 जून और 10 जून को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। राज्य स्तरीय कार्यशाला के पहले दिन आज मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के डॉ. सुदर्शन मंडल शामिल हुए। उन्होंने कैंसर के मरीजों और उनके परिजनों की मानसिक समस्याओं पर राष्ट्रीय स्तर से सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसिक स्वास्थ्य एवं एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ के उप संचालक डॉ. महेंद्र सिंह ने की।



**कार्यशाला के पहले दिन आज पैलियम इंडिया, विश्व स्वास्थ संगठन, टाटा मेमोरियल अस्पताल, निमहंस और एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव**

कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा कर प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान केरल, गुजरात और कर्नाटक से आए विषय विशेषज्ञों के साथ ही पैलियम इंडिया संस्था, विश्व स्वास्थ संगठन, टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई, निमहंस बेंगलुरू और एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों ने प्रतिभागियों से जानकारी साझा की। कार्यशाला में संगवारी एनजीओ तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य एवं एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। राज्य में कैंसर पीड़ितों एवं उनके परिजनों की मानसिक समस्याओं के निदान और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञों के निष्कर्षों, निर्देशों व सुझावों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

# मोदी सरकार का 8 साल देश के लिए हानिकारक साबित हुआ -कांग्रेस

**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी भाजपा की सरकार देश के लिए हानिकारक साबित हुई है बीते 8 साल में मोदी सरकार कोई ऐसा कार्ययोजना नही बना पाई जिसके चलते देश की जनता की भलाई हुई हो। हर तरफ महंगाई परेशानी और तनाव दिख रहा है तीन काले कृषि कानून लाकर कृषि क्षेत्र को प्रभावित किया गया। पेट्रोल डीजल में मनमाना एक्साइज ड्यूटी लगा कर महंगाई की आग में घी भी डाला गया। अनियमित जीएसटी के चलते व्यापार-व्यवसाय तबाह हो गए। बेरोजगारी के मामले में देश 45 साल पुराने हालात में खड़ी हुई है। अर्थव्यवस्था ऑक्सीजन पर है और देश के ऊपर 153 लाख करोड़ का कर्ज चढ़ गया विदेशी मुद्रा भंडार निम्न स्तर तक पहुंच गया मोदी सरकार के मनमानी का असर घर-घर तक दिख रहा है।

# 18 करोड़ की अफवाह पर डकैती

खबर थी पुराने सिक्के बेचकर मिले हैं रुपए, हाथ लगे सिर्फ 30 हजार ;दो कार और 4 बाइक जब्त

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक किसान के घर 18 करोड़ रुपए होने की अफवाह के चलते डकैती हुई है। हालांकि डकैतों के हाथ सिर्फ 30 हजार रुपए ही लगे। कुछ दिन पहले अफवाह फैली थी की किसान ने पुराने सिक्के बेचे थे और इन्हीं सिक्कों के उसे करीब 18 करोड़ रुपए मिले थे।

इसी अफवाह के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले के 4 दिन बाद पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। मामला बडांजी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक,



बस्तर जिले के घाट धनोरा के रहने वाले किसान बलदेव बघेल ने 5 जून को थाने में डकैती की FIR दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर तालुर के रहने वाले दीगम कश्यप और वासुदेव ठाकुर को हिरासत में लिया। जिनसे मामले की पूछताछ की गई। जिन्होंने वारदात का सारा राज खोल दिया। दोनों ही आरोपियों ने बताया कि बलदेव के घर में करीब 18 करोड़ रुपए होने की कहीं से बात सुनी। जिसके बाद कुल 9 लोगों ने मिलकर डकैती का प्लान बनाया। फिर 4-5 जून की देर रात सभी टाकरागुडा गांव में इकठ्ठा हुए। इनमें कुछ ओडिशा के भी थे। सभी रात में मौका पाकर बलदेव के घर घुस गए। उस समय घर के सारे सदस्य सोए हुए थे। 18 करोड़ ढूंढने घर में यहां-वहां रखे सामानों की तलाशी लेनी शुरू कर दी लेकिन, पैसे नहीं मिले। इसी दौरान घर के सदस्य जाग गए। डकैतों ने सभी घरवालों को चाकू की नोक पर एक कमरे में बंद कर दिया। 18 करोड़ रुपए के बारे में पूछताछ भी की गई, लेकिन घरवालों ने इस तरह की कोई राशि नहीं मिलने की बात कही। इसी दौरान एक की नजर घर पर रखे संदूक पर पड़ी। फिर संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे 30 हजार रुपए पार कर लिए। पूरी तलाशी लेने के बाद डकैत घर से निकल गए। सुबह होने पर परिवारवालों ने किसी तरह घर का दरवाजा खुलवाया और डकैती की रिपोर्ट थाने में करवाई गई थी। नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि इस मामले में शामिल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भी भेज दिया गया है। इनके पास से 2 चार पहिया वाहन और 4 बाइक समेत मोबाइल फोन और कुछ नगदी भी बरामद की गई है।

**राजनीति..** चंडीगढ़ के होटल में बनेगी रणनीति, बघेल ने कहा- कांग्रेस की जीत तय

# विधायकों को साथ लेकर हरियाणा निकले सीएम भूपेश

रायपुर। हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल विधायकों को लेकर गुरुवार की शाम हरियाणा निकले। चुनाव से पहले सीएम चंडीगढ़ के एक होटल में चुनावी रणनीतियों पर बिसात बिछाएंगे।

विधायकों व प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ सीएम भूपेश बघेल रात में बैठक होगी, जिसमें राज्यसभा सीट जीतने की रणनीति बनेगी। रायपुर के मेफेयर होटल से



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

कड़ी सुरक्षा के बीच दो बसों में विधायकों को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट लाया गया। इस दौरान सीएम भूपेश ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की जीत तय है। बता दें कि हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए सीएम भूपेश बघेल को ऑब्जर्वर बनाया गया है। सीएम चुनाव से एक दिन पहले गुरुवार को शाम 5 बजे रायपुर एयरपोर्ट से हरियाणा रवाना हुए। उनके साथ कांग्रेस के सभी 29 विधायक भी हैं। मुख्यमंत्री साढ़े 7 बजे चंडीगढ़ पहुंचेंगे। इसके बाद होटल ताज में हरियाणा चुनाव की रणनीति तय होगी। सीएम भूपेश बघेल के साथ दूसरे पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद चुने गए राजीव शुक्ला भी होंगे। सीएम चंडीगढ़ के होटल में कांग्रेस के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं से मंत्रणा करेंगे। हरियाणा कांग्रेस के 29 विधायक 2 जून से नवा रायपुर के मेफेयर होटल में ठहरे हुए थे, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट लाया गया। पहले विधायकों के शुक्रवार की सुबह जाने की चर्चा थी, लेकिन अचानक कार्यक्रम बदल दिया गया।

### विधायकों की खूब हुई मेहमाननवाजी

क्रॉस वोटिंग की आशंका के रायपुर लाए गए विधायकों की खूब मेहमाननवाजी हुई। विधायकों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया था। उनसे किसी को मिलने नहीं दिया गया। विधायकों को पिछले एक सप्ताह में 3 बार सही ढंग से मतदान की मॉकड्रिल कराई गई है। विधायकों का गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रवास का आखिरी दिन था। सभी विधायकों को विशेष विमान से चंडीगढ़ ले जाया गया। चंडीगढ़ में सीएम भूपेश अंकगणित कांग्रेस के पक्ष में लाने विधायकों की बैठक लेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने कहा, आंकड़े उनके साथ हैं। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी अजय माकन की जीत होगी। भाजपा के लोग हॉर्स ट्रेडिंग में लगे हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगे।

# महिला के साथ पकड़े गए तीनों पटवारी सस्पेंड

ग्रामीणों के पीटने का वायरल हुआ था वीडियो, जिला संघ ने भी बाहर निकाला

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक महिला के साथ संदिग्ध हालत में पकड़े गए तीनों पटवारियों को जिला प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया गया है। तीनों पटवारियों की पिटाई व हंगामे का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने पटवारी बालमुकुंद राठौर, बुद्धेश देवांगन और संतोष दास मानिकपुरी को किया निलंबित किया है। तीनों पटवारियों पर सिविल सेवा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इधर मामला उजागर होने के बाद जिला पटवारी संघ ने भी तीनों को संघ से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। संघ ने



इसे लेकर पत्र भी जारी किया है।

बता दें कि जांजगीर-चांपा जिले के नैला पटवारी बुद्धेश्वर देवांगन, अमोदा-धुरकोट पटवारी बालमुकुंद राठौर और केरा पटवारी संतोष दास मानिकपुरी 1 जून की रात जांजगीर थाना क्षेत्र लछनपुर गांव में किसी महिला के घर पार्टी कर रहे थे। इस बात की भनक पटवारी संतोष मानिकपुरी की पत्नी को लग गई। पति की करतूत की सूचना मिलते ही उसकी पत्नी अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंची। उसने ग्रामीणों को इकट्ठा कर लिया और सभी ने मिलकर उक्त महिला के घर से तीनों पटवारियों को बाहर निकाला और सवाल जवाब करने लगे। इस बीच जमकर हंगामा हुआ था।

# भगीरथी प्रयासों से अवतरित हुई गंगा और हम

पौराणिक मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन इक्ष्वाकु वंश के राजा भगीरथ के तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रम्हा के कमंडल से गंगा जी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ। राजा भगीरथ को गंगा के पृथ्वी पर अवतरण के लिए घोर तपस्या करना पड़ी, ताकि वे अपने पुरखों का तर्पण कर सकें।

आज भी सनातन धर्म में प्रत्येक हिंदू परिवार के जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कार गंगा तट पर ही सम्पन्न होते हैं। गंगा के मोक्षदायिनी-जीवन दायिनी मान्यता की कई धार्मिक और वैज्ञानिक कारण भी है।

### गंगा की राह और दुनिया

हिमाचल के गोमुख से निकली गंगा के बंगाल की खाड़ी तक के प्रवाह क्षेत्र के वैज्ञानिक अध्ययन से पता चलता है कि जो नदी जितने ऊंचे शिखर से निकलती है, मैदानी इलाके में उसकी धारा का वेग उतना ही तीव्र होता है।

नदी की यह तीव्र धारा जल में ऑक्सीजन की मात्रा की वृद्धि करता है। गंगाजल में मौजूद ऑक्सीजन की अधिक मात्रा ही गंगाजल को लंबे अरसे तक कीटाणु मुक्त रखता है।

गंगोत्री से निकलने के बाद गंगा रुद्र प्रयाग में भगीरथ और मंदाकिनी से मिलती है। इसके बाद देवप्रयाग में भगीरथ और अलखनंदा का संगम होता है, आगे यह सम्मिलित धारा गंगा नाम से प्रवाहित होती है। इस दौरान गंगा की जलधारा में हिमालय पर्वत पर पाई जाने वाली अनेक जड़ी-बूटियों का औषधीय अक्स मिश्रित हो जाता है। इस वजह से गंगाजल को स्वाथ्य रक्षक-जीवनदायिनी जल माना जाता है। यज्ञीय कर्मकांड और धार्मिक अनुष्ठान भी इस गंगाजल से सम्पन्न से होते है। गंगा भारतीयों के लिए महज एक नदी नहीं, मां समान है। हमारे ऋषियों ने नदियों-तीर्थों को देवत्व दर्जा इस लिए प्रदान किया कि-उनकी हर तरह से सुरक्षा-संरक्षण की हमारी नैतिक जिम्मेदारी तय की जा सके। ये पवित्र स्थल हमारे सभ्यता-



पौराणिक मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन इक्ष्वाकु वंश के राजा भगीरथ के तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रम्हा के कमंडल से गंगा जी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ। गंगा भारतीयों के लिए महज एक नदी नहीं, मां समान है। हमारे ऋषियों ने नदियों-तीर्थों को देवत्व दर्जा इस लिए प्रदान किया कि-उनकी हर तरह से सुरक्षा-संरक्षण की हमारी नैतिक जिम्मेदारी तय की जा सके।

संस्कृति के उद्भव-विकास का प्रेरणा श्रोत बने।

गंगा के क्षेत्र प्रवाह रूपी शरीर तंत्र का वैज्ञानिक अध्ययन से यह तथ्य सामने आता है कि- हिमालय को अगर गंगा का मष्तिष्क माने तो बंगाल की खाड़ी तक- यानी पैर तक लगभग पच्चीस किलोमीटर की प्रवाह यात्रा में गंगा नदी में हर एक किलोमीटर की दूरी के बाद एक सेंटीमीटर का प्राकृतिक ढ़लान प्राप्त होगा।

इस वजह हिमालय के उतुंग शिखर से निकलने वाली गंगा का वेगवती धारा अविरल परवाह के साथ अपने गंतव्य की ओर प्रवाहित होती है।

### गंगा का प्रवाह और जलधारा

गंगा के इस अविरल प्रवाह में पहली रुकावट पैदा हुई-अंग्रेजों के जमाने बनी अपर गंगा नहर के बनने के बाद। भीमगोंडा-नरोरा नहर के बन जाने के बाद गंगा के लगभग नब्बे-पंचानबे फीसद जल को गंगा के शरीर से वैसे ही खींच लिया जाता है, जैसे मनुष्य की धमनियों में बहने वाला खून निचोड़ा जाता है। यह अंग्रेजी हुकूमत की करामात थी- जिनके लिए नदी महज एक बहती जलधारा है। पूज्य मदन मोहन मालवीय जी अंग्रेजों की इस छल को समझे और इसके विरुद्ध आंदोलन भी किया। यह सुनिश्चित करने के लिए की गंगा की अविरलता किसी भी सूरत में प्रभावित न हो।

गंगा महासभा के मुखिया मालवीय जी और अंग्रेजों के बीच हुआ लिखित समझौता आज भी मौजूद है। आज यह समझौता कितना लागू है- यह जांच और शोध का विषय है। अपनी सरकारों का रुख भी अंग्रेजी हुकूमत से कोई अलग नहीं रहा। रही-सही कसर टिहरी बांध बनने के बाद पूरी हो गई। आज गंगा दो बड़े बांधों एक ओर से टिहरी दूसरी ओर से फरक्का बांध के बीच फंसी कराह रही है। वैज्ञानिक अध्ययन से यह तथ्य सामने आया है कि टिहरी बांध के बनने के बाद गंगा नदी का पूरा क्षेत्र -यहां तक दिल्ली का राजधानी क्षेत्र भी भूकंप के लिहाज अति संवेदनशील हो चुका है। एक खास इलाके में जल जमाव की वजह से भूस्खलन की समस्या भी हिमालय क्षेत्र में बढ़ी है। उधर फरक्का बांध बनने से नदी के सतह पर गाद जमा हो रही है- जिस कारण हर साल बाढ़ की वजह से बिहार जैसे राज्य में धन जन का व्यापक नुकसान होता है। गंगा के प्रवाह रूपी शरीर की ये सारी बाधाएं जाहिर है मानव निर्मित है। गंगा की स्वाभाविक गति को कई जगह-तोड़ने-बांधने से गंगा की वेगवती धारा की तीव्रता में कमी आई, इस कारण गंगाजल में ऑक्सीजन की मात्रा की मात्रा घट गई। नतीजतन गंगाजल की पवित्रता में भी कमी आई। अब लंबे अरसे तक गंगा जल को किसी पात्र में संग्रह कर कीटाणु मुक्त नहीं रखा जा सकता है।

मोहन सिंह

## संपादकीय

### अजीब किस्म का राजकाज

बुनियादी सवाल है कि आखिर कार्ड वापस करने का सारा मामला किसके कहने पर चर्चित हुआ? गौरतलब है कि मई महीने की शुरुआत से ही ऐसी खबरें आने लगी थीं। ये खबरें स्थानीय अधिकारियों के हवाले से छप रही थीं।

इस खबर पर गौर कीजिए और लगे हाथ उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों के असमंजस पर विचार भी कर लीजिए। खबर यह है कि इस राज्य में 50 हजार से ज्यादा लोगों ने वसूली के डर से राशन कार्ड वापस कर दिया। लेकिन अब राज्य सरकार ने कहा है कि वसूली या कार्ड वापसी के बारे में उसने कोई आदेश दिया ही नहीं। तो बुनियादी सवाल है कि आखिर कार्ड वापस करने का सारा मामला किसके कहने पर बहुचर्चित हुआ? गौरतलब है कि मई महीने की शुरुआत से ही इस तरह की खबरें कई जिलों से आने लगी थीं। ये खबरें स्थानीय अधिकारियों के हवाले से छप रही थीं। कई जगह तो डुगडुगी पिटवाकर इस बारे में बाकायदा घोषणा की जा रही थी। इसका असर यह हुआ कि तमाम जिलों में लोग लाइनों में लगकर राशन कार्ड सरेंडर करने लगे। ऐसी खबरें कई दिन तक अखबारों में छपती रहीं, टीवी चैनलों पर दिखाई जाती रहीं। नतीजतन लोग लाइनों में लगकर राशन कार्ड सरेंडर करने लगे। तब लेकिन ना तो स्थानीय अधिकारियों ने और ना ही राज्य सरकार की ओर से इस बारे में कोई स्पष्टीकरण दिया गया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस की और राशन कार्ड के कथित नए नियमों और राशन वसूली को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा।

# इतिहास की लोकप्रियता का स्वर्णयुग

भारत का लिखित इतिहास ऋग्वेद से शुरू होता है, इससे पहले के सिंधु सभ्यता के लिखित साक्ष्य आज भी सर्वमान्य रूप से पढ़े नहीं गए हैं, उसकी लिपि अबूझ है। कुछ दावे और कोशिशें रही हैं, पर उनमें से किसी भी दावे को सर्वस्वीकृति नहीं मिली है। ऋग्वेदकाल से लेकर आज तक यानी लगभग पांच हजार साल में शायद ही कभी इतिहास का एक विषय के रूप में ऐसा स्वर्णकाल रहा हो, जैसा हमारे समय में महसूस हो रहा है।

इतिहास में लोकरुचि अच्छी बात है, पर बिना किसी औपचारिक या अनौपचारिक शिक्षण-प्रशिक्षण इतिहास को खारिज करने, बदलने की छटपटाहट वैसी ही है कि चाकू हाथ में आते ही कोई भी सामान्य व्यक्ति खुद को सर्जन मानने लगे और ऑपरेशन थिएटर में घुस जाए। इसे एक तथ्य और तर्क की तरह मान लिया जाए, तो कोई हर्ज नहीं है कि भारतवर्ष गुरुकुल परंपरा का देश है, डिग्रियां पश्चिमी प्रभाव या अंग्रेजों के काल में आईं। पर किसी विषय में विद्वता हासिल करने के लिए वर्षों गुरु सान्निध्य की अहमियत गुरुकुल परंपरा मानती ही है। आधुनिक शिक्षा संस्थानों, शोध संस्थानों को हमने गुरुकुल की जगह ही तो प्रतिस्थापित किया है। इतिहास लेखन, इतिहास पठन-पाठन, मायथोलॉजी, ऐतिहासिक कहानियों से अलग है, तो इतिहास



यहां कुछ बातें रेखांकित किए जाने लायक लगती हैं, इतिहास की मेथडोलॉजी की पहली जरूरत और खूबी यह है और होनी चाहिए कि नए तथ्यों, नए स्रोतों की रोशनी में बदलाव के लिए हमेशा गुंजाइश रहे। पूर्व ज्ञात स्रोतों से हासिल तथ्यों की नवीन व्याख्या के लिए खुले दिल से तैयार रहें।

की लेखनसम्मत समझ श्रम और समय साध्य प्रक्रिया है।

एक ताजा मामले में कोर्ट का याचिकाकर्ता से यह कहना कि जाओ, पहले इतिहास की पढ़ाई करके आओ-बहुत मानीखेज है। नीम हकीम केवल चिकित्सा के पेशे में ही जानलेवा नहीं होते, इतिहास के नीम हकीमों की चूकें कई पीढ़ियां भुगतती हैं। ताजमहल के तेजो महालय होने या न होने की बहस को हम जेरे बहस नहीं लाएंगे, यह थिअरी देने वाले पीएन ओक ने हिंदू नजरिये से इतिहास के कई प्रश्नों को देखा है।

उनकी एक दर्जन से ज्यादा ऐसी थिअरीज खास राजनीतिक गलियारों में गूंजती रही हैं। पिछले कुछ समय से उनकी चर्चाएं फिर होने लगी हैं। सवाल अब भी यही है कि क्या अकादमिक दुनिया अब पुरुषोत्तम नागेश ओक को इतिहासकार मानने लगी है? उनकी मेथडोलॉजी और शोध के स्रोत क्या उन्हें इतिहासकार सिद्ध करते हैं? यहां कुछ बातें रेखांकित किए जाने लायक लगती हैं, इतिहास की मेथडोलॉजी की पहली जरूरत और खूबी यह है और होनी चाहिए कि नए तथ्यों, नए स्रोतों की रोशनी में बदलाव के लिए हमेशा गुंजाइश रहे। पूर्व ज्ञात स्रोतों से हासिल तथ्यों की नवीन व्याख्या के लिए खुले दिल से तैयार रहें। व्याख्या में हठाग्रह की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, अन्यथा वह मार्ग वाचिक या कर्मणा हिंसा का मार्ग है।

नैतिकता जैसे देशकाल सापेक्ष अवधारणा है, उसी तरह बहुत सारे जीवन मूल्य सर्वकालिक, सार्वदेशिक सम्मानीय, आदरणीय नहीं होते। इतिहास की नैतिकताओं और मूल्यों का प्रश्न भी ऐसा ही है। पर जो बात इतिहास के ज्ञान के एक अनुशासन के रूप में सबसे ज्यादा अक्षुण्ण प्रकृति या मूलभूत प्रस्तावना जैसी है, वह है- तथ्य सापेक्षता, स्रोत आधारित तथ्यों के प्रकाश में ही सब कुछ कहना होता है। नहीं तो यह इतिहास लेखन वैसा ही हो जाता है, जैसा बिना नेट के बैडमिंटन खेलना।

दुष्यंत

## मिला जुला

# ऋण संबंधित लंबित प्रकरण शीध्र स्वीकृत करें-कलेक्टर'

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा कि बेमेतरा एक कृषि प्रधान जिला है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, कुक्कुट पालन, मछली पालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की दिशा में भी कार्य करें और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने जिले के विभागीय अधिकारियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिससे लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आ सके। कलेक्टर ने कहा कि लोन संबधित प्रकरण बैंकों में लंबित है उनका निपटारा जल्द से जल्द करें। लोन स्वीकृत करने के नाम पर बैंकर्स, लोगों का चक्कर न लगवाएं।



उन्होंने कहा कि की केसीसी लोन में पशुपालन, मछली पालन को भी बढ़ावा देना है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैण्ड अप योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम अंत्यावसायी विभाग की आदि प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये। जिला पंचायत के सीईओ लीना कमलेश मण्डावी ने कहा कि स्वसहायता समूह द्वारा समूह लोन स्वीकृति के लिए आवेदन दिया है, उस पर शीध्र कार्यवाही करें। लीड बैंक मैनेजर ने कहा कि स्वसहायता समूह का बैंक एकाण्ट खोलने के लिए पैन कार्ड आवश्यक नहीं है। रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया शाखा रायपुर से आए मैनेजर गोपीनाथ ने बैंकर्स से कहा कि सरकार की योजनाओं के तहत आम लोगों द्वारा जो आवेदन प्रस्तुत किया गया है उस पर नियमानुसार स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जिले का लक्ष्य 400 हैं, जिसके विरूद्ध अब तक 431 आवेदन प्रस्तुत किए गये हैं। ऋण जमा अनुपात का राष्ट्रीय मापदण्ड 60 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति पर 31 मार्च 2022 तक जिले के सभी बैंको का कुल ऋण जाम अनुपात 51.8 प्रतिशत था। एलडीएम ने बताया कि जिले में 72 शाखाएं संचालित है जिसमें सहकारी बैंक के 19ए ग्रामीण बैंक के 20 एवं अन्य 33 शाखाएं राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक की शामिल है। जिसके जरिए ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की जा रही है।

# लद्दाख के पास चीनी गतिविधि 'आंख खोलने वाली' - अमेरिकी जनरल

नई दिल्ली। एक शीर्ष अमेरिकी जनरल ने कहा कि लद्दाख के पास चीनी गतिविधि 'आंख खोलने वाली' है और कुछ बुनियादी ढांचे का निर्माण खतरनाक है।

जनरल चार्ल्स ए फ्लिन, कमांडिंग जनरल, यूएस आर्मी पैसिफिक ने इसे चीन द्वारा 'अस्थिर और संक्षारक व्यवहार' के रूप में वर्णित किया, क्योंकि उन्होंने हिमालयी सीमा पर चीनी बुनियादी ढांचे के निर्माण के बारे में बात की है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की देखरेख करने वाले जनरल ने पत्रकारों के एक चुनिंदा समूह को बताया, 'मेरा मानना है कि गतिविधि का स्तर आंखें खोलने वाला है। मुझे लगता है कि पश्चिमी थिएटर कमांड में जो कुछ बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है, वह खतरनाक है। और बहुत कुछ, उनके सभी सैन्य शस्त्रागार की तरह, किसी को यह सवाल पूछना होगा, क्यों?'



जनरल फ्लिन ने कहा, चीन का 'वृद्धिशील और कपटी रास्ता, और क्षेत्र में अस्थिर और संक्षारक व्यवहार' का अनुमान 'बस मददगार नहीं है'। मुझे लगता है कि यह हमारे लिए उन संक्षारक और भ्रष्ट व्यवहारों में से कुछ के लिए एक साथ काम करने के योग्य है, जो चीनी करते हैं।'

भारत और अमेरिका इस अक्टूबर में युद्ध अभ्यास के हिस्से के रूप में हिमालय में 9,000-10,000 फीट की ऊंचाई पर उच्च ऊंचाई वाले प्रशिक्षण मिशन आयोजित करने के लिए तैयार हैं। स्थान निर्दिष्ट नहीं किया गया है। इसके बाद भारतीय सेनाएं अलास्का में भीषण ठंड के मौसम की स्थिति में प्रशिक्षण लेंगी।

अभ्यास उच्च-ऊंचाई वाले युद्ध के क्षेत्र में अत्यंत उच्च-स्तरीय संयुक्त संचालन के लिए होते हैं।

इसमें नई तकनीक, वायु सेना की संपत्ति, हवाई हमले, रसद और वास्तविक समय के आधार पर सूचना साझा करना शामिल है। जनरल फ्लिन ने कहा, ये सभी अमूल्य अवसर हैं, जिनका भारतीय सेना और अमेरिकी सेना फायदा उठा सकते हैं। जनवरी में उपग्रह चित्रों में दिखाया गया था कि पैंगोंग झील के पार एक चीनी पुल का निर्माण किया जा रहा है, जो एक प्रमुख बुनियादी ढांचा निर्माण है, जिसका भारतीय सेना के लिए गहरा सैन्य प्रभाव है, जो इस क्षेत्र में भारी रूप से तैनात है। चीनियों ने अपने हवाई क्षेत्रों और सड़क के बुनियादी ढांचे को काफी उन्नत और विस्तारित किया है, जिससे हिमालय की सीमा के पार भारत के लिए सीधा खतरा पैदा हो गया है। एक दर्जन से अधिक दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (ऋ) का उल्लंघन करने के बाद चीनी कई क्षेत्रों से पीछे नहीं हटे हैं, जिन पर उन्होंने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

## जम्मू के अरनिया सेक्टर में पाक ड्रोन की घुसपैठ, बीएसएफ जवानों ने खदेड़ा

**श्रीनगर** । जम्मू के आरएस पुरा उपमंडल के अरनिया सेक्टर में एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधियां देखी गईं, लेकिन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई के बाद वह वापस चला गया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी।

बीएसएफ ने कहा, गुरुवार तड़के करीब 4=15 बजे अरनिया इलाके में ड्रोन होने की आशंका के साथ एक चमचमाती रोशनी देखी गई, जिसके चलते बीएसएफ के जवान अलर्ट हो गए और गोलीबारी शुरू कर उसे खदेड़ दिया।

## रतनपुर पुलिस ने गांजा तस्करी करते हुए 2 युवक को किया गिरफ्तार

5 किलो गांजा सहित वाहन जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर जिले में अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने हेतु उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित कुमार झा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा आशीष अरोरा के निर्देश पर रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार नशे के कारोबार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिस हेतु



पतासाजी के लिए मुखबिर लगाये गये थे इसी तारतम्य में 8 जून 2022 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की पेण्ड्रा की ओर से दो युवक स्कूटी में मादक पदार्थ गांजा रख कर ग्राहक तलाश करते बिलासपुर की ओर जा रहे हैं। जो उक्त सूचना पर रतनपुर पुलिस द्वारा भयहरण हनुमान मंदिर के पास ग्राम पोंडी के पास घेराबंदी कर पेण्ड्रा गौरेला की ओर से मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर रहे आरोपी उमाशंकर राठौर, दीपक मार्को निवासी ठेंगाडाड थाना गौरेला जिला जीपीएम को पकड़ कर आरोपियों के कब्जे से बोरी में रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा, वजनी 5 किलोग्राम तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर आरोपी उमाशंकर राठौर एवं दीपक मार्को के विरूद्ध अपराध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही की गई।

भड़काऊ भाषण

## दिल्ली में ओवैसी पर मामला दर्ज

**दिल्ली** पुलिस की आईएफएसओ इकाई ने बुधवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को नामजद करते हुए कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। ओवैसी के खिलाफ एफआईआर होने के बाद एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने पार्लियामेंट थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। एफआईआर में स्वामी यति नरसिंहानंद का नाम भी दर्ज किया गया है।

ओवैसी और स्वामी नरसिंहानंद के अलावा दिल्ली पुलिस ने नुपुर शर्मा, नवीन कुमार जिंदल, शादाब चौहान, सबा नकवी, मौलाना मुफ्ती



नदीम, अब्दुर रहमान, गुलजार अंसारी, अनिल कुमार मीणा, पूजा शकुन पांडेय के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया। दिल्ली पुलिस का आरोप है कि सभी आरोपी कथित रूप से नफरत के संदेश फैला रहे थे, विभिन्न समूहों को उकसा रहे थे और ऐसी स्थिति पैदा कर रहे थे, जो शांति बनाए रखने के लिए हानिकारक है। मालूम हो कि बीते दिनों पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने के कारण भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी प्रवक्ता नुपुर शर्मा को निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही दिल्ली मीडिया सेल के प्रमुख नवीन जिंदल को निष्कासित कर दिया था। इसके बाद नुपुर शर्मा ने मंगलवार को कहा था कि वे पार्टी के निर्णय को स्वीकार करती हैं और उसका सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा था कि मैं संगठन में व्यवहारिक रूप से पली-बढ़ी हूं। मैं उनके निर्णय को स्वीकार करती हूं और उसका सम्मान करती हूं।

# कोरिया में हुआ डांस प्रतियोगिता का समापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

ग्रांड फिनाले ऑफ द डांस बग्स कोरिया का आगाज 7 जून को चिरमिरी के तानसेन भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में डांस प्रेमी तानसेन भवन पहुंचे थे। कार्यक्रम का आगाज शाम के 6 बजे से शुरू हुआ जो कि देर रात तक चलता रहा।



एक से बढ़कर एक डांस के प्रदर्शन ने कार्यक्रम स्थल में लोगों को बांधे रखा। जिले भर से आये कलाकारों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाये रखी लेकिन जजेस उनके परफ ारमेंन्स के बल पर उनकी गलतियों सहित डांस के स्टेप में आई कमियों के बदौलत सर्वश्रेष्ठ का चयन किया। प्रतिभागियों के प्रदर्शन के बाद बकायदा जजेस उनके फारफारमेंस पर टिप्स भी दिये और आगे किसी भी प्रतियोगिता में प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों को बेहतर करने के गुर भी सिखाये। चुकि चिरमिरी में हुनर और कलाकारों की कभी कोई कमी नहीं रही है लेकिन वर्तमान परिवेश में डांस जैसी प्रतिभाओं को मंच देने का काम बड़ी तेजी से हो रहा है। कलाकार इन मंच के माध्यम से अपने कला को और निखारकर उच्चतम प्रदर्शन करने के लिए तैयार किये जा रहे है ताकि प्रदेश और देश लेवल में होने वाले प्रतियोगिताओं में वे अपना हुनर दिखाकर चिरमिरी सहित जिले का नाम रोशन कर सके।



जज की कुर्सी में बैठी भूमिका सोनीए विक्की विंकरए मान सिंह और रितिका यादव ने सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में सीनियर का प्रथम पुरस्कार माँ शारदा ग्रुप चरचा को दिया तो वही सीनियर का द्वितीय पुरस्कार पॉवर ऑफ डुओ गोदरीपारा व तृतीय पुरस्कार मिथुन चौहान मनेन्द्रगढ़ को मिला। इसी तरह जूनियर में प्रथम पुरस्कार आरायेना घोषए द्वितीय पुरस्कार प्रिसी तिवारी व तृतीय पुरस्कार भूमिका मलिक के नाम रहा।

आप को बता दे कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ0 विनय जयसवाल व महापौर श्रीमती कंचन जयसवाल रही। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक और महापौर ने डांस का खूब आनंद लिया वही क्षेत्र के होनहारों को आर्थिवाद स्वरूप अपना आर्शिवचन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार विजेताओं को नगद राशि भेंट कर सम्मनित करने का काम आयोजककर्ताओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन की बात करें तो कार्यक्रम का आयोजन कर मंच प्रदान करने वालों में शो आर्गनाईजर सविता सिंह बैकुंठपुरए स्पांसर जयंत सोनी शिखा सोनी ज्वेलर्स हल्दीबाड़ीए स्पांसर शशिधर जयसवाल क्लब ग्रीन पार्क मनेन्द्रगढ़ की अहम भूमिका रही।

## चालान का नोटिस तामील करने गई पुलिस टीम के ऊपर आरोपी द्वारा किया जानलेवा हमला

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सरगुजा जिले के मैनपाट थानाक्षेत्र के ग्राम लुरैना में टोनही प्रताड़ना के आरोपी के यहां चालान का नोटिस तामील कराने गई कमलेश्वरपुर पुलिस पर आरोपी और उसके दोनों पुत्रों द्वारा पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला और बेदम पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। आपको बता दे कि मीडिया के कैमरे में मामलें की पुष्टि कर जानकारी देते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि मैनपाट के ग्राम लुरैना में टोनही प्रताड़ना के पुराने मामले में आरोपी ज्ञानी राम यादव को चालान पेश करने की नोटिस देने मैनपाट कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी शिशिर सिंह और 2 आरक्षक समेत कुल तीन पुलिसकर्मियों के ऊपर आरोपी ज्ञानी राम यादव और उसके 2 पुत्रों द्वारा पुलिस पार्टी पर पथराव करते हुए जानलेवा हमला कर दिया गया। वहीं इस दौरान थाना प्रभारी व एक आरक्षक किसी प्रकार वहां से भागने में सफ ल रहें जबकि दूसरा आरक्षक विजय सिंह हमलावरों के चंगुल में फंस गया जहां उसकी लाठी, डंडा से बेदम पिटाई की गई और पत्थर से उसका सिर फ ोड़ दिया गया, वहीं घायल पुलिसकर्मी और कमलेश्वरपुर टीआई द्वारा मामलें की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई जिसके बाद बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस पार्टी की मदद से फरार 45 वर्षीय आरोपी ज्ञानी राम यादव और उसके दोनों पुत्र नारद व नारायण पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। वहीं मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 186, 294, 307, 333, 506, 353, 34 के तहत अपराध दर्ज करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल अंबिकापुर भेज दिया है और मामलें में आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा के प्रमुख चौंकों में एक चौक महेश चौक के रूप मे जाना जायगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने औपचारिक घोषणा की। बुधवार को पूरे देश मे महेश नवमी धूमधाम से मनाई गई। महेश नवमी को छत्तीसगढ़ में बड़े आयोजन के रूप में हर संगठन ने मनाया। दिनभर कई आयोजन हुए और सामाजिक परिचर्चा हुई जिसमे समाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। उक्त बातें प्रभारी के रूप में आए नंदकिशोर राठी ने कही। बुधवार को सुबह 8 बजे माहेश्वरी भवन से प्रभात फेरी निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर महेश चौक से होते हुए शिव मंदिर पहुँची इस दौरान भगवान महेश की जयघोष व भजनों से पूरा नगर गूंजा, मान हो उठा। उसी क्रम मे शिव मंदिर में रुद्र अभिषेक किया गया। उसके बाद भवन में मनमोहक कार्यक्रमों का आयोजन प्रांरभ हुआ साथ ही महेशध्वजा रोहण किया गया। सभी समाजजन अस्पताल पहुँचे वहाँ मरीजों को फ ल वितरण किया गया। फि र गौशाला पहुँच कर पौधा रोपण किया गया। फिर तुंगल बांध में सामाजिक परिचर्चा की गई। जहा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। फिर रात में माहेश्वरी भवन में सांस्क्रतिक कार्य्रकम का आयोजन किया गया। जहां पिछले एक सप्ताह से हुए विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को इनाम दिया गया। वही बुजुर्गों का सम्मान किया गया साथ ही मेघावी छात्रों का सम्मान किया। इस दौरान समाज के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

मलकानगिरी चौक अब महेश चौक के रूप में जाना जायेगा- राजू साहू कार्य्रकम में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू ने महेश नवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज की मांग पर मंत्री कवासी लखमा से चर्चा कर मलकानगिरी चौक को महेश चौक बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर के विकास में माहेश्वरी समाज की भूमिका अहम है।

## अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा किया गया जनसंपर्क अभियान

भाजपा बस्तर जिला प्रभारी लोकेश कावड़िया जनसंपर्क अभियान में थे उपस्थित

**जगदलपुर ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान के माध्यम से विभिन्न समाज के प्रमुखों से भेंट करने हेतु भाजपा बस्तर जिला प्रभारी लोकेश कावड़िया की उपस्थिति में घर घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताने का काम किया गया । सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़े के माध्यम से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी लोकेश कावड़िया एवं बस्तर जिले के वरिष्ठ भाजपाइयों द्वारा अल्पसंख्यक समाज जिसमें मुस्लिम, क्रिश्चियन, जैन एवं सिख एवं अन्य समाजों के घर में जाकर मोदी सरकार के 8 वर्ष में किए गए जन कल्याणकारी कार्यों को अवगत कराया गया एवं विभिन्न योजनाओं के बने पंपलेट को भी घर-घर वितरण किया गया। जिसमें तार मोहम्मद,शेख हाफ़िज़ खान, शेख बाबर हुसैन, निर्मल जॉन, अमर चंद सांखला घर जाकर जनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं का अवगत कराया गया। आज महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा किये गए कार्यक्रम में शामिल भी हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेंद्र पांडे, शेख सिद्धकी,मोहम्मद अजीज, मनोहर दत्त तिवारी, संग्राम सिंह राणा, असद रजा, मोहम्मद सकिल, अब्दुल रशीद, शकील अहमद सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खाद्य एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत का सीतापुर दौरा

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य व सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत आज सीतापुर क्षेत्र के दौरे पर थे, मंत्री आज शाम तकरीबन 5.30 बजे सीतापुर विधायक भवन पहुंचे, तथा वहां अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के उपरांत, सीतापुर क्षेत्र के लोगों से मिले एवं उनकी समस्याएं सुनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी समस्या हल करने का निर्देश दिया, हमारे द्वारा जानकारी लेने पर उन्होंने ने कहा गया कि लोगों के शादी समारोह एवं अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे हैं, साथ ही किसानों को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के अनाज के खरीदी मूल्य को बढ़ाकर 2640 रुपया कर दिया है, जिससे किसानों को अधिक लाभ होगा, साथ ही उन्होंने कहा पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है जो किसानों को अनाज का सबसे ज्यादा मूल्य दे रहा है,

साथ ही जब हमारे द्वारा हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने केंद्र सरकार को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए कहाए की कोल माइनिंग की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती हैए उनके आदेश पर ही कोल माइनिंग खुलते हैं, यह राज्य शासन के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अपने चहे ते कोए कोल माइनिंग का टेंडर दिया है, उनके द्वारा ही यह कार्य किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने कहा राज्य शासन की जिम्मेदारी अपने क्षेत्र के किसानों को आर्थिक उन्नति प्रधान करना होता है और हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि हमारे क्षेत्र के किसानों और लोगों का आर्थिक विकास हो।

## एक नजर

### निर्वस्त्र पिटाई से व्यथित नाबालिग ने दूसरी मंजिल से लगाई छलांग, 2 आरोपी पुलिस की हिरासत में

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राजधानी में मंगलवार को एक 15 वर्षीय आदिवासी बच्चे को मोबाईल चोरी के आरोप में निर्वस्त्र कर पिटाई करने तथा विडियों बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि बासीन महासमुंद निवासी पीड़ित बालक अपने परिचित के साथ निजी काम से होटल सिटी पैलस में रूका हुआ था। जिस पर किसी ग्राहक का मोबाईल चोरी का आरोप लगाकर होटल मालिक सुभाष सोनी ने बालक को निर्वस्त्र करके उसकी पिटाई की थी तथा माफी मांगने का दबाव बनाकर उसका विडियों बना लिया था। जिसके बाद बालक ने होटल के दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे बालक के सिर नाक में चोट आने से विहान अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। घटना सामने आने के बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुभाष सोनी व अन्य के खिलाफ धारा 346 के तहत थाना गोलबाजार में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पीड़ित और अन्य के कथन दर्ज किए गए जिसके आधार पर प्रकरण में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75, अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की धारा 294, 323 भी जोड़ी गई है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सुभाष सोनी और उसके सहयोगी श्रीधर राव को गिरफ्तार कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### तीन माह की मासूम शिशु की मौत टीकाकरण के बाद

परिजनों ने लगाया ईलाज में लापरवाही का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

टीकाकरण के बाद एक तीन माह की शिशु की मौत हो गई। मामले में परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मौत हुई है। मामले में पिथौरा बीएमओ अब जांच के बाद कार्रवाई की बात कर रही हैं। मामला विकासखंड पिथौरा के भुरकोनी जगदल्ला का है। मृतका के पिता खगेश चक्रधारी ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपनी 3 माह की बच्ची ईशिका चक्रधारी को लेकर टीकाकरण कराने आंगनबाड़ी केंद्र गए थे जहां डॉक्टर ने उनकी बच्ची को निमोनिया सहित अन्य टीके लगा, चूंकि धूप बहुत थी। इसलिए कुछ देर आंगनबाड़ी भवन में रूकने के बाद बच्ची को लेकर घर चले गए। घर पहुंचने के आधे घंटे बाद वह अचानक बेहोश हो गई। चक्रधारी ने बताया कि बेहोश होने के बाद उन्हें लेकर हम हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर भुरकोनी पहुंचे जहां से बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा रिफ र कर दिया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। चक्रधारी ने आरोप लगाया है। कि टीकाकरण के दौरान डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरती गई और बेहोशी की अवस्था में उनका ठीक से इलाज नहीं किया जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में अब परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

### तुमगांव में मिली लाश सिरपुर के लोकनाथ ध्रुव की

पत्नी ने की शिनाख्त मृतक था आदतन शराबी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

तुमगांव पुलिस ने बुधवार को दुग्ध डेयरी के पास मिला लाश की शिनाख्त कर ली है। थाना प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह आमा सेंटर दुग्ध डेयरी के पास मैदान में एक युवक की लाश होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंच जांच की गई और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। लाश की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में पतासाजी की गई। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन के बाद सिरपुर बाजार चौक वार्ड सात निवासी पद्मनी ध्रुव ने पुलिस से संपर्क किया। बाद जिला अस्पताल में लाश की शिनाख्त पद्मनी ने पति लोकनाथ ध्रुव के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका पति शराब पीने का आदी था। वह पांच जून की दोपहर मां अग्नि बाई को देखने जिला अस्पताल के लिए घर से निकला था और रात वहीं रूका। दूसरे दिन वह सुबह छह बजे से ही जिला अस्पताल से घर के लिए रवाना हुआ पर घर नहीं पहुंचा था। टीआई शर्मा ने बताया कि संभवतः वह सुबह जिला अस्पताल से घर जाने के लिए निकला होगा और रास्ते में स्थित शराब दुकान में शराब का अत्यधिक सेवन किया होगा जिससे मैदान में बेहोश होकर गिर गया होगा। अत्यधिक शराब सेवन और शरीर में पानी की कमी के चलते उनकी मौत हुई होगी।

### शादी से इंकार करने पर प्रेमी ने काटा प्रेमिका का गला

**अंबिकापुर ।** एक युवती को शादी से इंकार करना उस वक्त भारी पड़ गया जब सनकी आशिक ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं इस घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया है। घायल युवती को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में लाकर भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

## एआईएसएफ कार्यकर्ता रहे छात्र स्वर्गीय शंकर मरकाम का स्मृति अनावरण कर श्रद्धांजलि दी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




बुधवार को ग्राम पंचायत कुमांकोलेंग के नयापारा में ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन एआईएसएफ के ऊर्जावान, संघर्षशील, मिलनसार, निडर, छोटे-बड़ो का लाड़ला कार्यकर्ता साथी कामरेड शंकर मरकाम ताती का विगत मंगलवार को आकस्मिक स्वर्गवास हो गये आज हमारे बीच नहीं रहे। उनके यादगार में बना स्मृति को ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम के उपस्थिति में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय शंकर के मोह से लीन रहे आस पास क्षेत्र के छात्र, नौजवान, सगंठन कार्यकर्ता व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वर्गीय शंकर को नम आंखो से श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने श्रद्धांजलि उपरांत शंकर की संगठन की राजनीति को बहुत ही कम समय में विस्तार बनाने की गुण को अद्भुत कहा। शंकर एक गरीब घर में पैदा हुए थे उन्होंने मां बाप की आशीर्वाद से उच्च शिक्षा के लिए पीजी महाविधालय दन्तेवाड़ा में बीए द्वितीय में अध्ययनरत रहे। उपस्थित लोगों के बीच सम्बोधित करते हुए शंकर की सपनों को निरन्तर आगे बढ़ायेगे, संगठन को मजबूत व विस्तार करने, उनकी गुण हर छात्र नौजवानों के कदमों में चूमें हमेशा छात्र हित, सामाजिक हित में कार्य बने रहे। आगे कहा कि इस दुनिया में शंकर की जरूरत है, शंकर खड़ा करना अनिवार्य बताया, उनकी सपनों को साकार करने संकल्प लिया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ सीपीआई के कार्यकर्ता कां मंगडू कवासी, सोमडू कवासी, सुकड़ा पोडियाम, महादेव पोड़ियाम, एआईएसएफ ब्लाक उपाध्यक्ष बामन कोर्राम, संध्या पोड़ियाम, पलसा सोड़ी, बामन कुंजाम, मनीराम कुंजाम, लक्ष्मण वेटी, रिकू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सरकार से अपनी वेतन वृद्धि की मांगों को लेकर सीतापुर क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका रैली निकाल

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा रैली निकालकर, रेस्ट हाउस के सामने एक दिवसीय धरने पर बैठे हैं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यह प्रदर्शनछ मुख्यतः अपने वेतन वृद्धि की मांगों को लेकर कर रहे हैं, उनका आरोप है कि छत्तीसगढ़ शासन, उन से वादाखिलाफ ी कर रही है, उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह कहा गया था कि उनकी वेतन वृद्धि कर दी जाएगी, परंतु आज साढे 3 साल बीत जाने के बाद भी सरकार द्वारा उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का कहना है, कि छत्तीसगढ़ शासन उनको उनके जीवन निर्वाह के लिए समुचित वेतन दे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है, छत्तीसगढ़ शासन को इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए आज हमारे द्वारा रैली और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है, अगर सरकार हमारी बात को अनसुनी करती है और 5 जुलाई तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, तो 6 जुलाई 2022 से प्रत्येक जिला मुख्यालय में रैली और हड़ताल एवं प्रदर्शन हमारे द्वारा किया जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री के नाम पर हमारे द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा, आज की रैली और हड़ताल में सीतापुर क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थी, उनके साथ उनके छोटे-छोटे बच्चे भी इस भीषण गर्मी में भूखे प्यासे हड़ताल स्थल पर उपस्थित थे। उनके द्वारा कहा गया कि आज की हड़ताल हम छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत से मिलने और ज्ञापन सौंपने के उपरांत ही स्थगित करेंगे, तथा उन से अनुरोध करेंगे कि शीघ्रता शीघ्र हमारी मांगों को पूरा करें।

# प्रधानमंत्री सड़कों की खाल उधेड़ रहे, रेत, मुरुम से भरे हाइवा

## सड़कों की दुर्दशा के साथ सड़कों पर मौत बनकर बेखौफ दौड़ रहे भारी वाहन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा, बेलगहना, सलका, नवागांव, पंडरापथरा, ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़कों पर पिछले कुछ समय से रेत, गिट्टी, बोल्डरों से भरी भारी वाहने धड़ल्ले से चल रही है।





हल्के वाहनों सहित ग्रामीणों के सुगमता के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री, सड़क की दुर्दशा इन दिनों रेत, गिट्टी, मुरुम से भरे हाइवा चालक कर रहे हैं नेशनल हाईवे एडीबी.पीडब्ल्यूडी की सड़कों को दरकिनार कर प्रधानमंत्री सड़क की बाजा बजाने में लगे हैं। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़के तो मटियामेट हो ही रही है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाओं होने का अंदेशा भी बढ़ गया है पर इसके विपरीत जिम्मेदार अधिकारी चाहे वो प्रधानमंत्री सड़क योजना के हो, खनिज विभाग के हो या फिर आरटीओ के हो सभी ने आंखों में पट्टी बांध रखी है छोटे-मोटे ट्रांसपोर्टर के ट्रेक्टर पर कार्यवाही करने वाली आरटीओ की तेजतर्रार लेडी सिंघम कहे जाने वाली महिला अधिकारी जो कि कड़ी कार्यवाही के लिए जानी जाती है। उनकी नजर भी इन भारी वाहनों पर नदारद दिखाई पड़ती है।

### 40 से 50 टन रेत मुरुम से भरी हाइवा प्रधानमंत्री सड़क को क्षतिग्रस्त कर रही – वरुण राजपूत

गौरतलब है कि कोटा से पंडरापथरा मार्ग में रेत मुरुम से भारी हाइवा वाहनों के चलने की वजह से प्रधानमंत्री सड़क क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं जबकि भारी वाहनों का वजन प्रधानमंत्री सड़कों की क्षमता से अधिक रहता है इसके बावजूद इन भारी वाहनों से निर्धारित क्षमता से ओवरलोड होकर रेत मुरुम से भरी हाईवा वाहन तेज रफ्तार से सड़कों पर लगातार दौड़ रही है। जिससे की सलका, नवागांव, बरर के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रधानमंत्री सड़क लगातार क्षतिग्रस्त होती जा रही हैं प्रधानमंत्री सड़क योजना के जिम्मेदार अधिकारी ओवरलोड वाहनों की आवाजाही में प्रतिबंध नहीं लगा पा रहे है। प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्ग के जोड़ने के लिए किया गया है इन सड़कों पर निर्धारित क्षमता से अधिक भारी वाहनों में पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन कोटा क्षेत्र के रतखंडी पंडरापथरा मार्ग में क्षमता से ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर मौत बनकर दौड रहे।

### मौत बनकर सड़कों पर दौड़ रही हाइवा

स्थानीय ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ओवरलोड वाहन गांव की सकरी सड़कों पर तेज गति से दौड़ते है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इस पूरे मामले को लेकर जब प्रधानमंत्री कार्यपालन.अभियंता वरुण राजपूत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारी प्रधानमंत्री सड़क 25 टन की बनी हुई है जिसमें रेतघाट की 40 से 50 टन लोड लेकर चल रही है। इसके संबंध में सामान्य सभा की बैठक मे भी की गई है। इस विषय में सांसद से भी चर्चा के साथ पत्र व्यवहार भी किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा आरटीओ को निर्देशित भी किया गया है। भारी वाहनों के चलने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क नहीं होती है आपको बताते चले कि प्रधानमंत्री सड़क पर हाइवा चालकों द्वारा नियम कायदे की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ होकर वाहन दौड़ा रहे हैं जिसकी वजह से सड़के पूरी तरह से उखड़ चुकी है बहरहाल देखना होगा कि मीडिया की खबरों पर संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी जागते हैं या कुम्भकर्णी नींद में सोए रहेंगे।

*इस मामले पर परिवहन अधिकारी अमित बेक से बात की जिस पर उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में बने प्रधानमंत्री सड़क पर भारी वाहनों के चलने की शिकायत पत्र प्रेषित हुए हैं। भारी वाहनों पर कार्यवाही के लिए परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क के कार्यपालन अभियंता से बैरिकेड भी लगाने के लिए बोला गया है। ताकि उन मार्गों से भारी वाहनों का आवागमन न हो पाए।*

## एक नजर

### माओवादी सामग्री एवं विस्फोटक के साथ माओवादी सप्लाई टीम का सदस्य गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।




जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 8 जून 2022 को थाना तोयनार से जिला बल, डीआरजी एवं छसबल 19 वी सी का संयुक्त बल अभियान पर मोरमेड की ओर निकली थी। पेट्रोलिंग के दौरान 1 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ पर अपना नाम रामलू दुर्गम पिता स्व. किस्टैया दुर्गम जाति महार उम्र 36 वर्ष निवासी मोरमेड महारपारा थाना तोयनार होना बताया। बारिकी से पुछताछ पर बताया गया कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादी सहयोगी के साथ मिलकर माओवादी सामग्री नेशनल पार्क एरिया में सप्लाई करना बताया। पकड़े गये माओवादी सहयोगी से बारिकी से पुछताछ करने पर बताये अनुसार स्थान से माओवादी वर्दी कपड़ा 150 मीटर, 4 माओवादी वर्दीए 10 नग जिलेटीन राड, 20 मीटर कार्डेक्स वायर एवं टिफिन बम बरामद किया गया। पकड़े गये आरोपी के विरूद्ध थाना तोयनार में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

### नवीन हाईवे पुलिस चौकी नागपुर का लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कोरिया जिले के अंतर्गत आने वाले पोड़ी थाना के नागपुर सहायता केंद्र को पुलिस चौकी का लोकार्पण हुआ। आपको बता दे की कोरिया जिले के अंतर्गत पोड़ी थाना क्षेत्र के नागपुर पुलिस सहायता केंद्र को नवीन हाईवे पुलिस चौकी नागपुर का लोकार्पण हुआ इस पुलिस चौकी लोकार्पण समारोह में सरगुजा संभाग के आईजी अजय कुमार यादव, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरों के साथ जिले के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वही आपको बता दे की नागपुर चौकी में 33 पुलिस बल 10 किलोमीटर हाइवे के साथ अमृत धारा पर्यटन के साथ 22 गांव इस नागपुर हाइवे पुलिस चौकी के क्षेत्र में शामिल होंगे।

### बस्तर जिले में एक भी मंकी पॉक्स के प्रकरण नहीं

स्वास्थ्य विभाग द्वारा रखी जा रही है स्थिति पर निरंतर निगरानी

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि बस्तर जिले में बंदर से होने वाली मंकी पॉक्स बीमारी से संबंधित एक भी केस नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार बस्तर जिले में स्वास्थ्य विभाग पूरे समय सतर्क रहकर स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को मंकी पॉक्स को लेकर अलर्ट कर दिया गया है।

डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि मंकी पॉक्स के मामले ब्रिटेन से शुरू होकर कनाडा और स्पेन समेत 12 देशों में पुष्टि हो चुकी है। हमारे देश के बिहार राज्य में एक व्यक्ति में मंकी पॉक्स के लक्षण नजर आए है। जिसके चलते बस्तर का स्वास्थ्य अमला भी सजग एवं सतर्क हो गया है। उन्होंने बताया कि मंकी पॉक्स के शुरुआती लक्षण के समय सामान्य वायरल फीवर के साथ सिर दर्द व बुखार होता है। बाद में शरीर में बड़े फफोले निकल आते है वायरल डिजीज होने के कारण यह संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है।

# बेमेतरा पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए एक बार फिर दिखाई दरियादिली



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा एसपी धर्मेन्द्र सिंह को पता चला की राष्ट्रीय राजमार्ग बेमेतरा से सिमगा रोड़ किनारे एक झोपडी नुमा मकान में दो भाई रहते है जो अत्यंत गरीब और असहाय है दोनों बालकों का माता-पिता वर्ष 2021 में स्वर्गवास हो गया है उनके पिता लकवा से पीड़ित होने और माता दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है जिसके कारण दोनों बालक बड़ी कठिनाईयों से अपना जीवन यापन गुजारा कर रहे है जिनके पास आय का कोई साधन नहीं होने से खाने पीने एवं जीवन निर्वहन करने में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है जो जय प्रकश चक्रधारी उम्र 18 साल एवं उसका छोटा भाई उम्र करीबन 13 साल का है।

जय प्रकाश चक्रधारी शुगर से पीड़ित होने से परेशान रहता है जिसके संबंध में बेमेतरा एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने वास्तविक स्थिति जानने हेतु चौकी मारो प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, कंट्रोल रूम प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रआर मोहित चेलक एवं आर. नेमसिंह राजपूत को निर्देशित किया गया था। जो पता चला की दोनों बच्चों के माता-पिता का आकस्मिक देहांत हो जाने से उनका जीवन यापन वास्तव में बड़ी कठिनाईयों से व्यतीत हो रहा है इस संबंध में बेमेतरा एसपी धर्मेन्द्र सिंह को अवगत कराने पर बेमेतरा एसपी ने मानवता का परिचय देते हुए एक बार फि र से दरियादिली दिखाई और स्वयं उनके घर पहुंचकर जय प्रकाश चक्रधारी एवं उसके छोटे भाई को खादय राशन सामाग्री एवं अन्य दैनिक जरूरतो का सामान खरीदने के लिये पैसे दिये और किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने व अन्य कोई समस्या होने पर निःसंकोच बतलाने एवं शुगर का ईलाज कराने कहा गया। जिस पर दोनो भाईयों ने खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा एसपी धर्मेन्द्र सिंह एवं बेमेतरा पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किया।

# मोदी सरकार के फैसले से किसानों के चेहरे पर खुशी-टीकाराम पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश भर के किसानों को बड़ा तोहफ ा दिया है भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य टीकाराम पटेल एवं जिला महामंत्री राधेश्याम राठिया ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खरीफ सीजन की फ सलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। गत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति की बैठक में खरीफ फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 साल से केंद्र सरकार किसानों के हित में काम कर रही है व खरीफ की 17 फ सलों की एमएसपी में बढ़ोतरी का फैसला लिया गया। खरीफ फ सल वर्ष 2022-23 के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 100 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। धान सामान्य, धान ग्रेड ए, ज्वार हाईब्रिड, ज्वार मालदंडी बाजरा, रागी, मक्का, तूर अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफ ली, सूरजमुखी बीज, सोयाबीन, पीला, तिल, रायता, कपास मध्य रेशाम, कपास लंबा रेशा, एमएसपी में बढ़ोत्तरी की गई है। इस बढ़ोतरी से किसानों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट झलक रही है। और यह छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए नेता द्वय ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के हित के लिए तत्पर रहती है।

## कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे जसूजा निवास

**नरेश जसूजा की माता जी से लिया आशीर्वाद**

**धमतरी** । खाद्य, योजना एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत अपने एकदिवसीय दौरे पर धमतरी पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री महोदय जसूजा निवास पहुंच कर कांग्रेस नेता नरेश जसूजा के परिजनों से मुलाकात की। जसूजा निवास में श्री भगत का आत्मीयता से स्वागत सत्कार किया गया। नरेश जसूजा की माता जी से मंत्री श्री भगत ने आशीर्वाद लिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग में मीडिया सचिव रजत जसूजा ने दिल्ली में एआईसीसी के संचार विभाग में किए अपने कार्यानुभव व मीडिया में कार्यो पर मंत्री महोदय से चर्चा की। पुरानी यादें हुई ताजा: जब खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सरगुजा जिला यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे तब नरेश जसूजा धमतरी जिला यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

# आखिर कब तक अधिकारों के लिए गिड़गिड़ाते रहेंगे जनजातिय लोग- रामा सोड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



आखिर कब तक संवैधानिक हको का हनन होता रहेगा सुकमा जिला प्रशासन पदयात्रा, जुलूस, सभा करने की अनुमति नहीं दे रही है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के बस्तर संभाग के संयोजक साथी मनीष कुंजाम पूर्व विधायक द्वारा 25 मई से सिलगेर से सुकमा तक पदयात्रा करने तथा 3 जून को सुकमा में सभा करने के सम्बन्ध में अनुमति बाबत् कलेक्टर सुकमा को दरख्वास्त किया गया था। आवेदन देने के एक माह बाद भी प्रशासन ने उस आवेदन पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं किया। उक्त बाते रामा शोडी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा आगे उन्होंने कहा पदयात्रा के मुद्दे पेशा कानून पर जो नियम के प्रारूप बना दिया गया है, उसे तत्काल मंजूर कर चुनावी घोषणा पत्र में किये वादे के मुताबिक प्रभावी रूप से लागू किया जाये। जेलो में निर्दोष आदिवासी कथित नक्सली मामलो में बंद है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाये। बस्तर में सिलगेर सहित अनेक स्थानों में आदिवासी लगातार धरना, आंदोलन कर रहे है, उनके वाजिब मांगों को सरकार पूरा करें, इनमें अतिरिक्त अन्य मांगे थी। यह कि ग्राम किकिकरपाल, छिन्दगढ़ में टीन खदान को जगदलपुर की कोई कम्पनी को लीज पर दिया गया है।

इसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे है। इस विरोध में पीछे मुख्य कारण है कि इसके लिए ग्राम सभा से सहमति लिया नहीं गया है।

इसी तरह ग्राम मुरतोण्डा सुकमा का मिट्टी खदान, मुलाकिसोली कोन्टा का ग्रेनाईट खदान को भी बिना ग्राम सभा के मंजूरी के कोई प्राईवेट कम्पनी को लीज पर दिया गया है जिसका लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा महामहिम, आप जनजातिय लोगों के संवैधानिक संरक्षक है। हालाकि पेसा कानून का उल्लंघन हर इलाके में हो रहा है, जहां ऐसा हो रहा है वहां आंदोलित है। पदयात्रा, सभा करने की अनुमति नहीं दिया जा रहा है, जो कि मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। अतः आपसे अनुरोध है कि राज्य सरकार को संवैधानिक अधिकारों का हनन न हो इसके लिए आदेश देने का कष्ट करेंगे। सभा में मुख्यरूप से उपस्थित थे। रामा सोड़ी, गंगाराम नाग, मंगडू कवासी, हान्दा कवासी, हड़मा मरकाम, मंजू कवासी, आरधना मरकाम, कमला रमन्ना सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शतरंज खेल के नक्शे में अब गाढ़ी होगी महासमुंद की पहचान

पहली बार हो रहा है ऑल इंडिया ओपन फीडे वेटिंग टूर्नामेंट

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिला मुख्यालय वन विद्यालय में पहली बार ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 11 से 15 जून तक किया जा रहा है। जिसकी तैयारी कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के विशेष पहल से महासमुंद जिला शतरंज संघ द्वारा की जा रही है। प्रवेश की अंतिम तिथि पश्चात् आठ राज्यों से कुल 240 खिलाड़यों का पंजीयन हो चुका है। प्रतियोगिता संचालक एवं राज्य सचिव हेमन्तं खुटे तथा आयोजन समिति के जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार महासमुंद में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में 8 राज्यों इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओड़िसा व उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल से 65 अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। वहीं अकेले महासमुंद जिला से 50 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है, जो महासमुंद के लिए नया कीर्तिमान है। टूर्नामेंट के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष ड्यूटी लगाई गई हैं। बाहर से आने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। खिलाड़ियों का बड़ी संख्या में भाग लेने की वजह से महासमुंद ट्रॉफी प्रदेश में सुर्खियों में बनी हुई है। इस टूर्नामेंट के संचालन एवं व्यवस्था में सभी लोग अभी से जुटे हुए हैं। खिलाड़ियों की काफ ी तादात में जिला शतरंज संघ एवं जिला भागीदारी से छत्तीसगढ़ प्रदेश की टूर्नामेंट को विश्व शतरंज महासंघ प्रशासन के संयुक्त बैनर तले कार्यशैली को अच्छा प्रतिसाद मिल आयोजित होने जा रही ऑल इंडिया रहा है।

**शामिल होंगे आठ राज्यों के 240 खिलाड़ी, आयोजन 11 से 15 जून तक**

आयोजन में खिलाडियों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रही है। देश में पहली बार चेन्नई के महाबलीपुरम में आयोजित होने जा रही चेस ओलम्पियाड को लेकर भी एक उत्साहजनक वातावरण निर्मित हो रहा है। महासमुंद ट्रॉफी से निश्चित रूप जिले व प्रदेश के उन नवोदित खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जिनको ईलो रेटिंग नही है। उल्लेखनीय है कि इस रेटिंग फीडे ने विधिवत मान्यता प्रदान की है।

## दीपिका सिंह फ़िल्म टीटू अंबानी से करेंगी बॉलीवुड डेब्यू



दिया और बाती फेम ऐक्ट्रेस दीपिका सिंह अपनी पहली फ़िल्म टीटू अंबानी के साथ बड़े पर्दे पर नज़र आयेंगी। एक संस्कारी बहु और एक स्ट्राँग वूमेन की इमेज वाली दीपिका अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। छोटे पर्दे पर दीपिका सिंह एक स्ट्रोंग वुमेन के कैरेक्टर में नज़र आयी हैं अब अपनी पहली फ़िल्म टीटू अंबानी में भी दीपिका मौसमी के किरदार में नज़र आएंगी जो आज की लड़बेदाग़-की हैं जिंदगी को अपनी शर्तों पर जीती हैं । मौसमी को ऐसा लगता है कि टीटू और वह एक-दूसरे के लिए ही बने हैं लेकिन मुश्किल तब पैदा होती है जब टीटू के फैसलों से उनके बीच प्यार के रिश्ते पर खतरा पैदा हो जाता है।

## फिल्म सौकन सौंकने की सफलता के राज का सरगुन मेहता ने किया खुलासा



अभिनेत्री सरगुन मेहता के लिए काफी अच्छा वक्त चल रहा है, काफी खुश है अभिनेत्री। दरअसल फिल्म सौकन सौंकने जिसको खुद अभिनेत्री ने निर्मित किया है और उसमें मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। इस फिल्म ने बॉक्स, फैंस इस फिल्म को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री का कहना है कि, मेरी पहली प्रतिक्रिया खुशी से उछलने की थी। मैं पिछले तीन वर्षों से फिल्म पर काम कर रही हूं। जब से मैंने कहानी सुनी, मैं इस फिल्म के लिए लेखक के पीछे थी। फिर मैंने इसे एक निर्माता के रूप में लिया, आज फिल्म कमाल कर रही है। मुझे अच्छा लगता है कि लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। मुझे लगता है कि दर्शकों में आपका विश्वास बनाने में लंबा समय लगता है।

अभिनेत्री सरगुन मेहता ने अपनी फीचर फिल्म की शुरूआत 2015 की पंजाबी रोमांटिक कॉमेडी अंगरेज से की और लव पंजाब और लाहौरिए सहित अन्य पंजाबी फिल्मों में भी दिखाई दी है।

एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को सरगुन मेहता का कहना है, दोनों कार्यक्षेत्रों को प्रबंधित करना मुश्किल है। यह बहुत कठिन था, लेकिन मैंने हार नहीं मानी और काम किया। मुझे कभी कभी लगा कि मैं हार गई हूं पर फिर मैने खुद को हारने नहीं दिया और हर दिन काम किया। यह टेलीविजन की तरह नहीं है जैसे आपने अपनी भूमिका निभाई है, यह हर दिन का काम है।

## केनिशा अवस्थी के समर लुक ने हर तरफ तापमान बढ़ाया

हंसमुख अभिनेत्री और चार्टबस्टर ग्राइंड की मुख्य अभिनेत्री केनिशा अवस्थी ने तेंदुए की प्रिंट वाली बिकनी में अपनी जलती हुई तस्वीरों से इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। इस भीषण गर्मी में अपने फैनबेस को खूब पसीना बहाते हुए केनिशा की बाथटब में पोज देते हुए तस्वीरें वायरल हो रही हैं।



एक फैशन प्रेरणा और सोशल मीडिया पर हिट, केनिशा अवस्थी की उबेर शांत शैली और आत्मविश्वास ने हमें नोट कर लिया है। एनिमल प्रिंट इन दिनों फैशन क्लासिक होने के साथ, अभिनेत्री बहुत ही स्टाइलिश जंजीर वाले टू पीस में पोज़ देती है। केनिशा ने अपने इस उग्र रूप पर टिप्पणी की, सेक्सी और सुंदर होने का मंत्र हमारे दिमाग में निहित है।

स्वयं होने से, आप किसी के होने का आत्मविश्वास हासिल करते हैं, जिसे आपको कैमरे के सामने रहने की आवश्यकता होती है, जब आप इसे गले लगा सकते हैं कि आप प्रामाणिक रूप से कौन हैं बिना चटकीले मीठे वार्निश के आप अपना रास्ता खुद बनाते हैं और वास्तव में आपके लिए अद्वितीय है। एक ऐसे उद्योग में जहां बड़े पैमाने पर हर कोई नकली मोर्चा खोल रहा है, असली होने से आप बहुत अधिक प्रमुखता से बहुत जल्दी खड़े हो जाएंगे या इसलिए मेरा सामान्य ज्ञान कहता है कि एक प्रदर्शन करने वाले कलाकार के पेशे में, आत्म-प्रेम सफलता की कुंजी है जो सुनिश्चित करता है कि आप स्थानों पर जाएं और आपको उन ऊंचाइयों पर ले जाएं जिनकी आप उंचाइयों को छूना चाहते हैं।

## नींबू को इन तरीकों से करें स्टोर, लंबे समय तक रहेंगे फ्रेश



अगर नींबू को सही ढंग से स्टोर न किया जाए तो कुछ ही दिनों में ये सूखने लगते हैं। वहीं, इनका स्वाद भी खराब लगता है, जिस वजह से इन्हें मजबूरन फेंकना पड़ जाता है। अगर आप यह नहीं चाहते हैं कि आपके द्वारा लाए गए नींबू जल्दी खराब हो तो आइए आज हम आपको इन्हें स्टोर करने के पांच बेहतरीन तरीके बताते हैं ताकि नींबू लंबे समय तक फ्रेश रहें।

### फ्रीजर में स्टोर करें नींबू

जब भी आप नींबू खरीदकर लाएं तो इन्हें धोकर एक जिप लॉक बैग में रखकर फ्रीजर में रख दें और जब आपको उनकी आवश्यकता हो तो आप नींबू को फिर से नरम होने तक डीफ्रॉस्ट कर सकते हैं। डीफ्रॉस्ट के लिए आप नींबू को हल्के गर्म पानी में कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। इस तरीके से आप नींबू के ताजे रस का इस्तेमाल कर पाएंगे। फ्रीजर में रखें नींबू का इस्तेमाल आप तीन-चार महीने तक कर सकते हैं।

### एयर टाइट कंटनेर का करें इस्तेमाल

आप चाहें तो नींबू को स्टोर करने के लिए एयर टाइट कंटेनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सारे नींबू को साफ पानी से धो लें, फिर इन्हें बीच में से काटकर इनका रस एक कटोरी में निकाल लें। इसके बाद कटोरी वाले रस को किसी एयर टाइट कंटेनर में डालकर फ्रिज में रख दें। इस तरह से आप चार दिनों तक नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### नींबू को काटकर करें स्टोर

इसके लिए सबसे पहले सारे नींबू को धोकर छोटे-छोटे में काट लें, फिर इनके बीज निकालें। इसके बाद नींबू के टुकड़ों को एक बेकिंग शीट पर फैलाकर फ्रीजर में रखें और जब ये ठोस हो जाएं तो इन्हें एक जिप लॉक बैग में डालकर दोबार फ्रीजर में कर दें।

## फटी एड़ियों में वैसलीन के साथ मिलाकर रातभर लगे रहने दे यह चीज, सुबह होगा चमत्कार

फटी एड़ियों की समस्या आज के समय में हर किसी को परेशां करती है। हालाँकि इसके लिए नींबू रामबाण है। जी हाँ, आप इसके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में फटी एड़ियों की परेशानी को दूर कर सकते हैं। आप सभी को बता दें कि नींबू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण फटी एड़ियों की परेशानी को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। इसी के साथ ही यह एड़ियों में सूजन, दरारों को कम कर सकता है। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं फटी एड़ियों के लिए नींबू के फायदों के बारे में और इसका इस्तेमाल कैसे करना है।



अगर आप काफी दिनों से फटी एड़ियों की परेशानी से जूझ रहे हैं, तो यह नुस्खा काम का है। इसके लिए आपको 1 नींबू के छोटे से टुकड़े को मोजे में डालकर पहनकर सोने की जरूरत है। वहीं रातभर मोजे में मौजूद नींबू आपके पैरों को मॉइश्चराइज कर सकता है और इससे आपके पैरों में नमी बनी रहेगी, जो पैरों के रूखेपन को दूर कर सकता है। वैसे आप चाहे तो मोजे में नींबू डालने से पहले इसे अपने तलवों पर रगड़ लें।

### नींबू और पेट्रोलियम जेली

जी दरअसल इन दोनों का मिश्रण आपके पैरों को सॉफ्ट कर सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए रात में सोने से पहले नींबू और पेट्रोलियम जेली का मिश्रण तैयार कर लें। उसके बाद इस मिश्रण को सोने से पहले अपने पैरों पर लगा लें। वहीं सुबह उठकर अपने पैरों को धो लें। जी दरअसल नियमित रूप से इस तरह पैरों में नींबू लगाने से फटी एड़ियों की परेशानी दूर हो सकती है।

रात में सोने से पहले नींबू के रस को अपनी एड़ियों पर रगड़ें। आप सुबह उठकर अपने पैरों को गर्म या गुनगुने पानी से अच्छी तरह से धो लेंक्योंकि नियमित रूप से ऐसा करने से आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ेगी।



बाबर आजम ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

## 17वां शतक जमाया, वनडे में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले कप्तान बने

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने अपनी बैटिंग स्किल से सभी को प्रभावित किया है। उन्हें पाक का विराट कोहली कहा जाता है, लेकिन 27 साल के पाक बल्लेबाज ने वनडे में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले कप्तानों की सूची में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है।




बुधवार रात वेस्ट इंडीज के खिलाफ दाएं हाथ के इस बल्लेबाज बाबर आजम (103) ने अपना 17वां शतक जमाया। उनकी इस पारी की सहायता से पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज पर 5 विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की है। इस जीत से पाक ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपनर शाय होप के शतक के दम पर 305 रन बनाए थे, इस स्कोर को पाकिस्तान ने 4 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। खबर में आगे बढ़ने से पहले इस पोल में अपनी राय दे दीजिए...

मुलतान में 14 साल बाद इस मुकाबले के जरिए इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हुई है। यह बाबर आजम ने अपने फैंस को शतक का तोहफा दिया। इससे पहले इस मैदान ने 2008 में बांग्लादेश की मेजबानी की थी।

### 13 पारियों में बनाए एक हजार रन

इस पारी के साथ पाक कप्तान ने बतौर कप्तान वनडे क्रिकेट में 1,000 रन भी पूरे कर लिए हैं। इस आंकड़े को छूने के लिए बाबर ने 13 इनिंग लीं और वह वर्ल्ड क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे तेज यह कारनामा करने वाले कप्तान बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था जिन्होंने बतौर कप्तान 17 पारियों में सबसे तेज 1,000 रन बनाए थे।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नई टीम की घोषणा

**ऑकलैंड ।** न्यूजीलैंड ने बर्मिंघम में अगले महीने होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नई महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की। इसमें चार महिला खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने जा रही हैं। एमी सैटरथवेट का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) द्वारा जारी कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ियों की लिस्ट में नहीं है। इस बारे में जब सैटरथवेट को पता चला, तो उन्होंने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। केटी मार्टिन, ली ताहुहू, फ्रेंकी मैके और लेह कास्पेरेक जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी एनजेडसी की लिस्ट से बाहर रही। लिस्ट में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर, स्पिनर ईडन कार्सन और विकेटकीपर इजी गेज और जेस मैकफैडेन सभी को शामिल किया गया है। वहीं अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन को एक बार फिर न्यूजीलैंड की कप्तानी के तौर पर नामित किया गया है। डिवाइन ने कहा कि वह 1998 में कुआलालंपुर में खेले गए पुरुषों के 50 ओवर के मैच के बाद, राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को डिवाइन के हवाले से कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों जैसे वैश्विक आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम बनना वास्तव में एक सम्मान की बात है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ डेविड व्हाइट का मानना है कि राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट को फिर से शामिल करना महिलाओं के खेलों को बढ़ावा देने का एक शानदार मौका है।

### एक नजर

## चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के सीन एबॉट श्रीलंका दौर से बाहर

**कोलंबो ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर सीन एबॉट नेट्स में चोटिल होने के बाद श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए। टी20 टीम का हिस्सा एबॉट को श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 के लिए नहीं चुना गया था और उन्हें बाद में दो 50 ओवर और दो चार दिवसीय मैचों के लिए अ टीम से जुड़ना था। लेकिन नेट्स में बल्लेबाजी करते समय उनको चोट लग गई, जिसके बाद वह दौरे से बाहर हो गए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टी20 के लिए एबॉट की जगह किसी और खिलाड़ी का नाम नहीं लिया है, लेकिन स्कॉट बोलैंड को ए टीम में उनकी जगह लेने के लिए बुलाया गया है।

इस बीच, पीटर हैंड्सकॉम्ब ने भी अपने गर्भवती पत्नी के साथ रहने के लिए श्रीलंका दौरे से वापस जाने का फैसला किया है, क्योंकि यह जोड़ी अपने पहले बच्चे का बेसब्री से इंतजार कर रही है। क्वींसलैंड के विकेटकीपर जिमी पीरसन को हैंड्सकॉम्ब की जगह ए टीम में शामिल किया गया है।

## केन के गोल से इंग्लैंड ने जर्मनी से ड्रॉ खेला, इटली जीता

**म्यूनिख ।** हैरी केन के आखिरी क्षणों में पेनल्टी पर किये गये गोल से इंग्लैंड ने नेशन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में जर्मनी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि इटली और तुर्की ने अपने अपने मैच जीते।

केन ने 88वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। रेफरी कार्लोस डेल सीरो ग्रेंडे ने वीडियो रेफरल के बाद इंग्लैंड को यह पेनल्टी दी थी। इससे पहले योनास होफमैन ने 51वें मिनट में जर्मनी को बढ़त दिलाई थी। उधर सेसेना में लोरेंजो पेलेग्रिनी के शानदार प्रदर्शन से इटली ने हंगरी को 2-1 से हराया। पेलेग्रिनी ने उसकी तरफ से निर्णायक गोल किया। इससे पहले निकोला बारेला ने 30वें मिनट में इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई थी लेकिन 61वें मिनट में जियानलुका मनचिनी के आत्मघाती गोल से स्कोर बराबर हो गया था।

तुर्की ने लिथुआनिया को 6-0 से करारी शिकस्त दी जबकि लक्जमबर्ग ने फेरो आइलैंड्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। फ़िनलैंड ने मोंटेनेग्रो को 2-0 और बोस्निया हर्जेगोविना ने रोमानिया को 1-0 से पराजित किया।

## चोट के कारण विंबलडन अभ्यास टूर्नामेंट से हटी रादुकानू

**नाटिंघम ।** यूएस ओपन चैम्पियन एम्मा रादुकानू को इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि चोट के कारण नाटिंघम ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटने के बाद वह सिर्फ तीन सप्ताह के अंदर विंबलडन के लिये तैयार हो पाएंगी या नहीं।

रादुकानू नॉटिंघम ओपन में अपने पहले मैच में विक्टोरिया गोलूबिच का सामना कर रही थी। जब उन्होंने हटने का फैसला किया तो तब वह 4-3 से पीछे चल रही थी।

विश्व रैंकिंग में 11वें नंबर पर काबिज रादुकानू ने इसे अचानक लगी चोट करार दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता कुछ खिंचाव हुआ। मुझे वास्तव में यकीन नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ था। मैं किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकती। मैं इसकी जांच करवाऊंगी।

मुंबई ने तोड़ा 94 साल पुराना रिकॉर्ड

## रणजी में उत्तराखंड को 725 रन से हराया, यह फर्स्ट क्लास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत

रणजी ट्रॉफी में बुधवार को एक नया रिकॉर्ड बना है। सबसे बड़ी जीत का। मुंबई ने 88 साल पुरानो इस टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन के क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड को 725 रनों से हराया है। यह रनों के लिहाज से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 1928 में इंग्लैंड ने ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 675 रन से हराया था। अगर रणजी ट्रॉफी में सबसे बड़ी जीत की बात करें तो यह रिकॉर्ड बंगाल के नाम है। बंगाल ने दिसंबर 1953 में ओडिशा को 540 रन से हराया था। भारत में खेले गए फर्स्ट क्लास मैचों में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड साउथ जोन के नाम है। साउथ जोन ने साल 2011 में दलीप ट्रॉफी के मुकाबले में सेंट्रल




जोन को 552 रन से हराया था।

### उत्तराखंड को दिया था 795 रनों का टारगेट

मुंबई ने 647/8 के स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की। उसके बाद उत्तराखंड के बल्लेबाजों को 114 रनों पर चलता कर दिया। टीम ने दूसरी पारी 261/3 पर डिक्लेयर कर उत्तराखंड को 795 रनों का लक्ष्य दिया। इतने बड़े लक्ष्य को साधने उतरी उत्तराखंड की टीम 69 रन ही बना सकी।

मुकाबले में मुंबई की ओर से सुवेद पारकर ने पहली पारी में डबल सेंचुरी जमाई, जबकि सरफराज खान ने शानदार 153 रन बनाए। इस पारी में अरमान जाफर (60) और शाम्स मुलानी (59) के बल्ले से अर्धशतक निकले।

इंडोनेशिया मास्टर्स

## लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, अब तीसरी सीड चोऊ टिन चेन से सामना, सिंधु दूसरे दौर में मेजबान तानजुंग से खेलेंगी

**जकार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर-500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल राउंड में पहुंच गए हैं। सातवीं सीड खिलाड़ी ने डेनमार्क के रासमुस गेमके को 21-18, 21-15 से हराया। अब लक्ष्य का सामना ताइवान के तीसरी सीड खिलाड़ी चोऊ टिन चेन से होगा। जबकि, डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का तानजुंग का सामना करेंगी। विमेंस सिंगल्स के पहले दौर में सिंधु ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफेर्सेन को 51 मिनट तक चले कड़े संघर्ष में हराया। जबकि, लक्ष्य ने डेनमार्क के ही हांस क्रिस्टियान सोलबर्ग विटिंघस को 38 मिनट में मात दी।



### दूसरे दौर में सीधे गेम में जीते लक्ष्य

सेकंड राउंड के इस मुकाबले में लक्ष्य ने सधी शुरुआत की। पहले गेम में दोनों शटलर चौथे, 9वें, 12वें और 17वें अंक में बराबरी पर आए। यहां से भारतीय खिलाड़ी ने लगातार छह अंक लेकर पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने जीत के फासले को और ज्यादा बढ़ते हुए स्कोर 21-15 पर समाप्त किया। यह मैच 54 मिनट चला।

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वनमण्डलाधिकारी ने संयुक्त रूप से स्कूल, आदिवासी छात्रावास-आश्रम, गौठान का किया निरीक्षण

## स्कूलों, छात्रावास-आश्रमों में बच्चों की सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान- कलेक्टर

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल और वनमण्डलाधिकारी श्री दिनेश पटेल ने आज संयुक्त रूप से गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत धनौली के गौठान, चारागाह, मंडी परिसर, विशेष बैगा कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या आश्रम, विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने ग्राम पंचायत ठाड़पथरा में पर्यटकों को प्राकृतिक अनुभूति में आवास उपलब्ध कराने के लिए बनाए जा रहे मिट्टी के घर, फॉरेस्ट गौठान, सड़क निर्माण, शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आदिवासी छात्रावास और आश्रमों में बच्चों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कक्षाओं में बैठक व्यवस्था, भोजन कक्ष तथा शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धनौली गौठान में बकरी पालन इकाई, मुर्गी शेड, इकाई, गौशाला, वर्मी टैंक और शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान से खाद-बीज उठाने वाले पंजीकृत किसानों की संख्या, ग्राम पंचायत मे धान के बदले वैकल्पिक फसल लेने वाले किसानों की संख्या, वर्मी और केंचुए के उत्पादन तथा विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने चारागाह में नेपियर घास और हल्दी फसल के कार्यों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कृषि विभाग को किसानों के लिए आवश्यक बीज निश्चित समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होने धनौली मंडी में किसानों की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होने विशेष बैगा कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या आश्रम, विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया तथा बच्चों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने और आश्रम-छात्रावास के लिए बनाए गए बाउंड्रीवाल में सांस्कृतिक और पारंपरिक चित्रकारी कराने के निर्देश दिए।

उन्होने जिले में ईकोटूरिज्म को बढ़ावा देने तथा पर्यटको को प्राकृतिक रूप से आवास उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत ठाड़पथरा में बनाए जा रहे मिट्टी के घरो का निरीक्षण किया। उन्होने मिट्टी के घरों में घास-फूंस, पत्ता और लकड़ी का उपयोग करते हुए छत बनाने, सांस्कृतिक और पारंपरिक चित्रकारी तथा प्रकाश की व्यवस्था करने कहा। उन्होने परिसर के समीप तालाब को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए है। उन्होने शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठाड़पथरा के निरीक्षण के दौरान पुराने जर्जर भवनों को तोड़कर पुर्ननियोजित कराने के लिए प्रस्ताव देने, शाला परिसर का रंगाई-पोताई करने तथा 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए स्कूल परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने फॉरेस्ट गौठान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# बाल विवाह रोकने लगातार की जा रही कार्यवाही

**गरियाबंद ।** बाल संरक्षण समिति से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में जिला बाल संरक्षण इकाई से अजीत शुक्ला एवं चाईल्ड लाईन 1098 से धनीराम बरेठ (टीम मेम्बर) एवं थाना गरियाबंद पुलिस के द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया गया। चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 के माध्यम से दूरभाष में सूचना प्राप्त हुई थी कि गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पण्डरीपानी में एक बाल विवाह होने की तैयारी चल रही है। 07 जून 2022 को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर बालक (वर) की कक्षा 7वीं की अंकसूची के आधार पर बालक की आयु 16 वर्ष 08 माह होना पाया गया। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना चाहिये। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला/पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते है। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालिका, उसके माता पिता व परिवार वालों एवं ग्रामीण जनों को समझाईश दिया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् ही विवाह करें। सभी लोग बाल विवाह रोकथाम टीम की समझाइश पर सहमति जताई।

# कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

### ग्रामीणों एवं वकीलों से चर्चा कर ली काम-काज की जानकारी

**बिलासपुर ।** कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने आज कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के साथ कोटा एवं बेलगहना तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण रोस्टर एवं राजस्व प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के तहत हितग्राहियों, किसानों एवं आमजनता को सरकारी सेवाओं का त्वरित लाभ प्रदान करने के लिए यह निरीक्षण किया गया। इस दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, रिकार्ड दुरूस्ती आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा समय-सीमा से बाहर के राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में राजस्व अभिलेखों एवं दस्तावेजों के रख-रखाव का जहां बारीकी से अवलोकन किया वहीं उपस्थित पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से चर्चा कर तहसील के काम-काज की जानकारी ली। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने तहसील कार्यालयों में मौजूद अधिवक्ताओं से चर्चा की तथा समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।



### किसान को किसान किताब एवं ऋण पुस्तिका का किया वितरण

### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

कोटा तहसील के वकीलों ने नजूल प्रकरणों की सुनवाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पट्टा नवीनीकरण, बांटाकन, सीमांकन आदि प्रकरणों में तेजी लाने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की। जिस पर संभागायुक्त ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं के बैठने की बेहतर व्यवस्था भी बनाने का आश्वासन कमिश्नर ने दिया।

इस दौरान डॉ. अलंग एवं डॉ. मित्तर ने किसानों को ऋण पुस्तिका एवं किसान किताब का भी वितरण किया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव एवं प्रकरणों की समय-सीमा में निराकरण के लिए तहसील कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए।

राजस्व अधिकारियों की ली बैठक, प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश-

संभागायुक्त डॉ. अलंग ने कलेक्टर डॉ. मित्तर के साथ कोटा जनपद पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों की बैठक ली।

# अधूरा अमृत मिशन, बेहिसाब खोदी सड़कें, जनता हलाकान, भाजपा छेड़ेगी आंदोलन

### नये निगम आयुक्त को भाजपा ने सौंपा ज्ञापन, कहा बारिश से पहले सड़कें सुधारने

**जगदलपुर।** शहरी क्षेत्र में जनता को 24 घंटे नलों से पानी उपलब्ध कराने वाली केन्द्र सरकार की महती अमृत मिशन योजना के आधे अधूरे कार्यो व पाईन लाईन बिछाने के नाम पर बेहिसाब खोदी जा रही सड़कों से आमजन को रही परेशानियों को लेकर भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने निगम आयुक्त दीपक नाग को ज्ञापन सौंपा है और बारिश के पूर्व अधूरे कार्य पूरे करने व खोदी गयी सड़कों को सुधारने कहा गया है,ऐसा न होने पर भारतीय जनता पार्टी जनहित में आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

आज निगम कार्यालय में पहुँच कर भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त निगम आयुक्त दीपक नाग को ज्ञापन दिया और अमृत मिशन योजना के अधूरे कार्यो से आमजन को रोजाना हो रही परेशानियों से अवगत कराया। जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार की ओर से अमृत मिशन योजना के लिये लाखों रुपये आबंटित किये जा चुके है। मगर नगर निगम की लापरवाही के कारण पेयजल से जुडी महती योजना पूर्ण नहीं हो पायी है। पाईप लाईन के लिये शहर में खोदी गयी सड़कें आमजन की दिक्कतें बढ़ा रही हैं। निगम आयुक्त को इस संबंध में ज्ञापन सौपा गया है,निदान न होने पर भाजपा आंदोलन का रूख करेगी। निगम कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रुप से भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज पटेल,शेख सिद्दीकी,कृष्णा निषाद,सतीश बाजपेयी,अजीज खान,डिकेश नाग,राहुल बघेल आदि मौजूद थे।



### पेयजल से जुड़ी करोडों की महती योजना निगम की लापरवाही की शिकार

बीजेपी की बाइक रैली

# बाइक पर निकले पूर्व मंत्री बृजमोहन और युवा मोर्चा प्रभारी डंगस, गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धि

**रायपुर।** रायपुर में गुरुवार की शाम भारतीय जनता पार्टी ने बाइक रैली निकाली। इस रैली में शामिल होने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डंगस का जोरदारा स्वागत किया इसके बाद वो कार्यक्रम में शामिल हुए। बाइक रैली में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए।

इस रैली को नाम दिया गया विकास तीर्थ बाइक रैली। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की इस विकास तीर्थ बाइक रैली को इंडोर स्टेडियम से शुरू किया गया। रैली नगर निगम बिल्डिंग, सुभाष स्टेडियम, सर्किट हाउस, मिनी मरीन ड्राइव कटोरातलाब, आरडीए बिल्डिंग न्यू राजेन्द्र नगर होते हुए कटोरातलाब मेन रोड, काली मंदिर सिविल लाइन, जिला अस्पताल कालीबाड़ी चौक, न्यू बस स्टैंड, लाखेनगर चौक, सदर बाजार होते हुए बूढा तालाब स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थल के पास खत्म हुई। भाजपा इस तरह की बाइक रैली हर विधानसभा क्षेत्र में करेगी।



# एक नजर

## दंडित बंदी रामराय की मृत्यु पर दंडाधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**बिलासपुर ।** दंडित बंदी रामराय, पिता सरवन, उम्र लगभग 81 वर्ष, जाति सतनामी, निवासी सिलादेही, थाना जैजैपुर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की अपोलो अस्पताल बिलासपुर में उपचार के दौरान 23 मई 2022 को रात्रि 10.10 बजे मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी बिलासपुर द्वारा जांच के आदेश दिये गये है। उक्त बंदी के मृत्यु के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्रस्तुत करना हो तो, वे जिला कार्यालय बिलासपुर स्थित न्यायालय कक्ष क्रमांक 36 में 23 जून 2022 तक प्रस्तुत कर सकते है।

## प्रतिनियुक्ति पर शिक्षक भर्ती के लिए आज व कल साक्षात्कार

**बिलासपुर ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दयालबंद में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों की भर्ती के लिए 9 एवं 10 जून को आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट ने साक्षात्कार की कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगी है। कोर्ट के आदेश पर ही अंतिम परिणाम जारी किये जायेंगे। साक्षात्कार 09 जून एवं 10 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बहु0 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दयालबंद बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। जिन व्याख्याताओं शिक्षकों, कर्मचारियों ने आवेदन किया है उन्हे प्राचार्य, प्रधानपाठकों के माध्यम के माध्यम से सूचना दे दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद बहु.उत्कृष्ट विद्यालय बिलासुपर द्वारा आवेदकों को निर्देशित किया है कि संबंधित आवेदक समय सारणी के अनुसार समय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो। जारी साक्षात्कार कार्यक्रम के अनुसार 9 जून को व्याख्याता इतिहास, राजनीति के 6 अभ्यर्थी, व्याख्याता भूगोल, अर्थशास्त्र के 8 अभ्यर्थी, व्याख्याता गणित के 11 अभ्यर्थी, व्याख्याता हिन्दी के 7 अभ्यर्थी, व्याख्याता भौतिक के 8 अभ्यर्थी एवं हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी के 6 शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 जून को व्याख्याता जीव विज्ञान के 19 अभ्यर्थी, व्याख्याता अंग्रेजी के 17 अभ्यर्थी, व्याख्याता वाणिज्य के 14 अभ्यर्थी एवं ग्रंथपाल के 1 अभ्यर्थियो के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना

## विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण के लिए 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण के लिए आवेदन 30 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के जिला महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के अंतर्गत विनिर्माण उद्यम हेतु 25 लाख रूपए, सेवा हेतु 10 लाख रूपए और व्यवसाय हेतु 2 लाख रूपए अधिकतम बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण, आवेदक की आयु आवेदन कि तिथि के समय 18 से 35 वर्ष के बीच हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, नि:शक्तजन उद्यमी, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य, सेवा निवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी। आवेदक किसी भी राष्ट्रीय बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का ऋणी न हो तथा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये वार्षिक से अधिक न हो। ऐसे आवेदक जिन्होने प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भारत सरकार या राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अंतर्गत अनुदान का लाभ लिए हो पात्र नहीं होंगे। इस योजना का लाभ एक परिवार में सिर्फ एक ही व्यक्ति को मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक निर्धारित आवेदन प्रपत्र नि:शुल्क जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त जिला कार्यालय भवन टीकरकला गौरेला कक्ष क्रमांक 108 से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र के लिए आवेदक को निर्धारित प्रारूप में परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा पहचान के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस में से कोई भी एक अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, जन्मतिथि संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि-भवन किराये पर हो तो किरायानामा कम से कम 5 वर्ष अवधि के लिए, मशीनरी उपकरण साज सज्जा हेतु वर्तमान दरों के कोटेशन, परिवार के आय के संबंध में शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये तक एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 रूपये तक के मार्जिन मनी अनुदान की पात्रता होगी। आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, टीकरकला, गौरेला कक्ष क्रमांक 108 में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए जमा किया जा सकता है।

# सांसद बैज व विधायक मंडावी ने मोबाइल ब्लड डोनेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिलेगा ब्लड डोनेशन को बढ़ावा

**बीजापुर।** सांसद बस्तर संसदीय क्षेत्र दीपक बैज और विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी ने 8 जून को हरी कलेक्टोरेट परिसर में मोबाईल ब्लड डोनेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व उन्होने मोबाईल ब्लड डोनेशन वैन का अवलोकन कर आवश्यक उपकरणों एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, जिला पंचायत सदस्य एवं बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य नीना रावतिया उद्दे सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, अपर पुलिस अधीक्षक पंकल शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। इस मौके पर सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. अभय तोमर ने बताया कि जिले में पहले केवल जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन की सुविधा उपलब्ध थी। अब मोबाईल ब्लड डोनेशन वैन के जरिये जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ब्लड डोनेशन को बढ़ावा मिलेगा।






# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम की बड़ी कार्रवाई

### कुरुद नकटा तालाब के पास का खसरा बैन, टीम ने प्लाट काट रहे लोगों को दिया नोटिस

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम ने वैशाली नगर जोन में अवैध प्लाटिंग को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने कुरुद में कांग्रेस नेता की शह पर नकटा तालाब के पास की जा रही अवैध प्लाटिंग को रोक दिया। वहां सड़क बनाने लाई गई मुरुम को भी जब्त कर लिया।

साथ ही निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने वहां के खसरा नंबर की रजिस्ट्री पर रोक लगाने कलेक्टर दुर्ग डॉ. एसएन भुरे को पत्र लिखा है। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता इतवारी देवांगन सहित ठगिया बाई देवांगन, खुशबू जैन और रमनन मूर्ति के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है।



भिलाई नगर निगम के पीआरओ प्रवीण सार्वा से मिली जानकारी के मुताबिक वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कुरुद के नकटा तालाब के पास अवैध प्लाटिंग की काफी शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व में भी इस पर कार्यवाही की जा चुकी है। इसके बाद भी अवैध प्लाटिंग करने वाले लोग यह कार्य निरंतर जारी किए हुए थे। इसकी जानकारी निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे को लगी तो उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में भवन अनुज्ञा विभाग की टीम एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम कुरूद क्षेत्र पहुंची और मार्ग संरचना को हटाकर मुरुम जब्ती की कार्रवाई की। इसके बाद अवैध प्लाटिंग करने वालों की जानकारी निकाली गई और अवैध प्लाटिंग करने वाले भू स्वामियों के भूमि के पंजीयन पर रोक लगाने के लिए निगमायुक्त ने पत्र भी प्रेषित किया है। उन्होंने खसरा क्रमांक 1326/1,1327,1328/1 के खसरा नंबर के अवैध बटांकन पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर, जिला पंजीयक व अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा है।

## एक लाख रुपए जुर्माना व 7 साल की जेल का है प्रावधान

भवन निर्माण अधिकारी हिमांशु देशमुख ने अवैध रूप से भूखंडों का विक्रय किए जाने को लेकर रमन मूर्ति, खुशबू जैन, इतवारी राम देवांगन, ठगिया बाई देवांगन को नोटिस जारी किया है। नोटिस में लिखा गया है कि उनके द्वारा अवैध रूप से खसरा को छोटे-छोटे भूखंडों में विघटित कर बेजा जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस पर अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग)(3) के अंतर्गत इस कृत्य के लिए उन्हें कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष के कारावास व कम से कम 1 लाख रुपए जुर्माना से दंडित किए जाने का प्रावधान है। निगम ने उनसे 7 दिन के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है। संतोष जनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

# तालाब गहरीकरण में जेसीबी मशीन से कार्य करने पर कार्यवाही शून्य, जांचकर्ता मुख दर्शक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ जनपद पंचायत में कोई कितना भी भ्रष्टाचार कर ले या घोटाला कर लाखों खा जाए उनका कभी कुछ नहीं होगा और नहीं होने की सबसे बड़ी वजह है विभाग से जुड़े अधिकारी और उसके शासकीय कर्मचारी क्योंकि उन्हें कभी दिखता ही नहीं है अगर आप उसे आंखों देखा हाल सुनाय या उन्हें उसकी पूरी वीडियो फिर भी कभी उनके नहीं लगता कि गलत हो रहा है ऐसा ही मामला अभी अभी लाखों रुपए का भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी जनपद से जुड़े अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया अधिकारी ही सबसे ज्यादा भ्रष्ट हो चुके हैं। जिनकी वजह से आज सारंगढ़ में भ्रष्टाचार इतना बढ़गया है जिसकी कोई सीमा नहीं।







### मनरेगा में जेसीबी मशीन से काम करवाते अधिकारी खुद वीडियो देख लिए फिर भी कोई कार्यवाही नहीं

जनपद पंचायत सारंगढ़ से महज 10 से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिलयारी जहा लगभग 9 लाख रुपए से अधिक की राशि मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण कार्य स्वीकृत हुआ, जिसे सरपंच- सचिव के मिलीभगत से रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर से कार्य करवाया है ए खबर के माध्यम बताया गया अधिकारी तक वीडियों को देख लिए उसके बावजूद भी अभी तक किसी प्रकार का उचित कार्यवाही के लिए ठोस कार्यवाही नहीं किया गया। रात के अंधेरे में मशीन और ट्रेक्टर से कार्य करवाते है और जैसा ही सवेरा होता है ग्रामीणों द्वारा दिखावा का कार्य करवाना चालू कर देते हैं खबर प्रकाशित होने के बाद जनपद के एक कर्मचारी ने तालाब का निरीक्षण किया गया जिसमे उन्हें साफ तौर पर मशीन के पहिए और ट्रेक्टर के पहिए का निशान साफ-साफ देखा गया इतना ही नहीं सिर्फ पहिए ही नहीं बल्कि मशीन से किए हुए काम की गहराई और उसकी दाती से खोदे गए निशान भी साफ दिखाई दिया होगा लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों को गलत नहीं लगा य फिर उन्हें खुद छुपाने की कोशिश कर रहे है।

### मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने से जेसीबी में तालाब गहरीकरण

**अभी विगत दिनों से मनरेगा कर्मियों का हड़ताल में होने से काम ना रुके कहकर शासन से काम चालू रखने का आदेश जारी हुआ था जिसको सभी जिला स्तर से ब्लाक स्तर के अधिकारी ने मिलकर काम को सुचारू रूप से संचालन करना है जिसमे जनपद पंचायत सीईओ के साथ सब इंजीनियर को काम सौंपा था मनरेगा कर्मियों की जगह काम की देख रेख करेंगे जैसे ही उन्हें सौंपा गया अधिकांश जगहों पर मशीन से काम करवाना शुरू हो गया हड़ताल का खूब फायदा उठाएं इंजीनियर से लेकर जनपद के उच्चाधिकारी तक मानो उनकी आंखों के सामने मशीन चलने पर कार्यवाही नहीं किया गया, क्या उन्हें नहीं पता अगर पता नहीं तो वीडियों से खबर प्रकाशित किया गया किन्तु अधिकारियों की माने तो मशीन और ट्रेक्टर से कार्य होने पर इंजिनियार साहब किस तरह के मूल्यांकन करते है ये जांच का विषय है क्या जेसीबी से कार्य कराने पर पूरा मूल्यांकन करेगे इंजीनियर साहब।**

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में 8 लाख राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पानी में डूबने से बगीचा तहसील के ग्राम कुरोंग निवासी संतोष राम पिता स्व बिफन राम की मृत्यु 9 फरवरी 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के बहन पुष्पा बाई हेतु 4 लाख एवं पत्थलगांव तहसील के ग्राम बंदियाखार निवासी बेरोनिका बाई पति धरमु की मृत्यु 26 जनवरी 2021 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र प्रमोद कुजूर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 13 जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट कैम्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में 13 जून 2022 को प्रात:10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में मे.एसबीआई लाईफ इंश्यारेंस कंपनी लिमिटेड रायगढ़ में मार्केटिंग एंड सेल्स के लिए 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे.फ्यूजन माइक्रोफाईनेंस लिमिटेड डागर हाऊस मारूति इनक्लेव एम्स हॉस्पिटल के पास टाटीबंध रायपुर में रिलेशनशिप ऑफिसर के 30 पद, मे.रिलायंस निपोन लाईफ इंश्योरेंस कंपनी में विभिन्न पदों पर कुल 7 पद, मे.बीएम एजेंसीज होण्डा शोरूम के पीछे ढिमरापुर रायगढ़ में विभिन्न पदों पर कुल 4 पद तथा मे.श्री बालाजी एजेंसी लक्ष्मी हाईट्स के पास छाबड़ा सेल्स के सामने ढिमरापुर रायगढ़ में ड्राईवर एवं हेल्फर पैकिंग स्टॉफ में कुल 5 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

### सहारा की स्कीम पूर्णता के बाद भी राशि नहीं मिलने पर 20 जून तक कर सकते आवेदन

नगरीय क्षेत्र के निवेशक कलेक्टोरेट के जिला कोषालय कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्र के निवेशक संबंधित जनपद एवं तहसील कार्यालय में करें आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड एवं सहारा ग्रुप में जमाकर्ताओं/निवेशकों को सूचित करते हुए कहा है कि उक्त सोसायटी/ग्रुप के किसी भी स्कीम में कोई राशि यदि जमा किये गये हो और स्कीम की परिपक्वता के पश्चात भी राशि वापस नहीं की जा रही है तो जमा करने के संबंध में कोई दस्तावेज हो तो संपूर्ण विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करते हुए नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र के निवेशक जिला कोषालय के आवक शाखा एवं जिला कार्यालय रायगढ़ के कमरा नंबर 28 तथा ग्रामीण क्षेत्र के निवेशक अपने जनपद कार्यालय अथवा तहसील कार्यालय में अनिवार्य रूप से 20 जून 2022 तक आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उस पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में फ्री-होल्ड योजना पर उद्योग विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासन द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों की लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड योजना 2019 घोषित किया गया है। योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन 8 जून को आयोजित किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक शिव कुमार राठौर द्वारा योजना की वस्तृत जानकारी दी गई। ऐसे लीज होल्ड भूमि जिनका रकबा 10 एकड़ तक हो एवं उत्पादन में आ चुक हो तथा 10 वर्ष से अधिक के हो, योजना हेतु पात्र है। 10 वर्ष से 20 वर्ष की अवधि में भू-प्रब्याजि 45 प्रतिशत, 20 से 30 वर्ष में 35 प्रतिशत एवं 30 वर्ष से अधिक समयावधि हेतु 25 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए सभी समयावधि हेतु 25 प्रतिशत भू-प्रब्याजि देय होगा। ऐसे उद्योग जो उत्पादनरत हो एवं जिसमें कोई न्यायालयीन प्रकरण, अतिक्रमण अथवा निरस्तीकरण की स्थिति में न हो, आवेदन कर सकते है। संचालक उद्योग की अनुमति उपरांत सैद्धांतिक स्वीकृति दी जाएगी। भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत कर पुर्ननिर्धारण कर फ्री होल्ड का अनुबंध किया जाएगा। फ्री-होल्ड भूमि में वार्षिक किराया देने की आवश्यकता नहीं होगी। फ्री होल्ड भूमि का उपयोग पूर्वानुसार प्रयोजन के लिए किया जा सकेगा। आवेदन शुल्क 5 हजार रुपये है। शिविर में बड़ी संख्या में अर्द्धशहरी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति सम्मिलित हुए।

# नए बने सक्ती जिले में मुख्यालय को लेकर हंगामा

सड़क पर काले झंडे लेकर निकले लोग;शहर से 10 किमी दूर कलेक्ट्रेट बनाने का विरोध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा से अलग होकर बना नया जिला सक्ती के मूर्त रूप लेने से पहले ही मुख्यालय को लेकर विवाद शुरू हो गया है। प्रशासन ने मुख्यालय के लिए जेठा का चयन किया है। यह जगह सक्ती शहर से करीब 10 किमी दूर है। इसे लेकर विरोध में गुरुवार को लोगों ने सक्ती शहर पूरी तरह से बंद रखा। लोग काले झंडे लेकर लोग सड़क पर उतर आए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लोग चाहते हैं कि जिला मुख्यालय शहर में ही हो, उससे बाहर नहीं। दरअसल, नवगठित जिला सक्ती में हस्ष्ठ की



नियुक्ति के साथ ही प्रशासनिक कार्यालयों के संचालन के लिए स्थान की तलाश की जा रही है। जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कलेक्ट्रेट के लिए क्रांति कुमार कॉलेज जेठा, स्क्क ऑफिस के लिए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जेठा और आरआई केंद्र के संचालन के लिए पंडित दीनदयाल स्टेडियम का चयन किया है। इसके लिए आदेश भी जारी हो गया है।

इस आदेश के सामने आते ही लोगों ने प्रशासनिक निर्णय का विरोध भी शुरू कर दिया है। जिला संघर्ष मोर्चा सक्ती के बैनर तले लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें व्यापारी नेता, अधिवक्ता, ऑटो चालक संघ, अन्य संगठनों के साथ BJP और कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हैं। सभी सक्ती जिला का मुख्यालय नगर में बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके विरोध में गुरुवार को शहर बंद करा दिया। लोग प्रशासन के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

# तुड़गे के मोतीराम को मिलेगा कृत्रिम पैर

**कांकेर ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर संभाग में भेट-मुलाकात के दौरान 03 जून को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर पहुंचे थे। समाज प्रमुखों से भेंट-मुलाकात के दौरान तुड़गे निवासी मोतिराम मैतिल ने मुख्यमंत्री से भेंट किया और अपनी समस्या बताया। मुख्यमंत्री बघेल ने कलेक्टर चन्दन कुमार को मोतिराम की समस्या को निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को मोतिराम की समस्या का निराकरण कराने के लिए निर्देश दिया गया। निर्देशन के परिपालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने ग्राम तुड़गे पहुंचकर मोतिराम को फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर माना रायपुर कृत्रिम अंग पैर का नाप दिलाने के लिए अपने साथ ले गये तथा कृत्रिम अंग लगाने के लिए उनके पैर का नाप ली गई, तत्पश्चात उनके गांव में उन्हें वापस उनके घर पहुंचा दिया गया है। एक माह पश्चात कृत्रिम पैर तैयार हो जायेगा तब उन्हें पुनः रायपुर ले जाकर उनके पैर कृत्रिम अंग लगवाया जायेगा।

# शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर ।** शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक में कांकेर नगर पालिका अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह से सामुदायिक स्त्रोत व्यक्तियों का दो दिवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिसद के सभा कक्ष में किया गया। जिले के नगर पालिका एवं पांच नगर पंचायतों के 28 महिलाओं को समूह निर्माण, बैंक लिंकेज, समूह ऋण एवं आवर्ती निधि के संबंध में तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शहर के गरीब महिलाओं को आजीविका बढ़ाने एवं बचत करने के विधि के संबंध में कैसे प्रोत्साहित किया जाता है इसकी जानकारी दी गई। नगर पालिका बीजापुर से आये मिशन प्रबंधक अभिषेक पंचबुधे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम को नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गरीब एवं वंचित महिलाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाये तथा शहर में गरीबी उन्नमुलन के लिए अधिक से अधिक सहभागी बने।

# एक ही फंदे पर लटकी मिली गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की लाश

सुबह घर से निकले थे, दोपहर को पता चला दोनों ने दे दी है जान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सुबह के वक्त दोनों घर से निकले थे। इसके बाद दोपहर के वक्त दोनों की एक ही फंदे पर लटकती हुई लाश मिली है। मामला दीपका थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, रंजना गांव में रहने वाले नितेंद्र सिंह(19) का गांव की ही नम्रता गोड़ (21) से प्रेम प्रसंग था। दोनों एक दूसरे मिलते जुलते भी थे। गुरुवार सुबह भी दोनों अपने-अपने घर से निकले थे। मगर दोपहर के समय घर ही नहीं लौटे। इस पर लड़की के परिजनों ने



लड़की तलाश शुरू की थी। जिसके बाद दोपहर के वक्त गांव के लोगों ने ही सूचना दी कि रमखार बस्ती के पास जामुन पेड़ में एक ही फंदे पर दोनों की लाश लटकी हुई है।

यह सूचना मिलते ही युवती के परिजन हैरान रह गए और मौके पर पहुंचे। वहीं नितेंद्र के परिजनों को भी इस बात की सूचना दी गई थी। इसके बाद आस-पास के लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई थी। पुलिस को भी पूरे घटनाक्रम की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों के शव को उतारकर पीएम के लिए भेजा गया था। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। लेकिन अब तक ये पता नहीं चल सका है कि दोनों ने यह कदम क्यों उठाया।

# स्कूल हॉस्टल की छत से गिरकर बच्चे की मौत

गर्मी के चलते मासूम को छत पर सुलाया; प्रबंधन पर हो सकती है कार्रवाई

रायपुर। राजधानी के नवा रायपुर इलाके की प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल बिल्डिंग से गिरकर 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना दो दिन पहले हुई है। अब इस मामले में पुलिस को स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का पता चला है। जल्द ही स्कूल के संचालकों के खिलाफ केस भी दर्ज किया जा सकता है।

मामला खरखराडीह गांव का है। यहां गुडसन एंजिलीन एकेडमी स्कूल में 6 साल का प्रफुल्ल दुबे पढ़ता था। पास के ही गांव का रहने वाला प्रफुल्ल स्कूल के हॉस्टल में ही रहता था। 2 दिन पहले छत से गिर जाने की वजह से घायल हालत में प्रफुल्ल स्कूल वालों को



मिला। फोरन उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। 6 साल के प्रफुल्ल के पिता लिपाई-पोताई का काम करते हैं, मां भी छोटे रेस्टोरेंट में मजदूरी करके परिवार चला रही थी। प्रफुल्ल स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ता था। गर्मी की छुट्टियों में भी वह स्कूल में ही रह रहा था।

स्कूल के कर्मचारी मामले को दबाने की ताक में थे। मगर बच्चे की मौत की वजह से मामला पुलिस के पास पहुंच ही गया। राखी थाने की पुलिस मौके पर जांच करने आई। पाया गया कि स्कूल में बच्चों को छत पर सुलाया गया था। पूछताछ करने पर स्कूल संचालकों की तरफ से पुलिस को जानकारी दी गई कि गर्मी अधिक होने की वजह से बच्चों को छत पर सुला दिया गया था। मौके का मुआयना करने वाली राखी थाने की पुलिस टीम अब बच्चे की PM रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकी मौत की वजह का पता लगाया जा सके।

स्कूल के बच्चों और स्टाफ से पुलिस ने पूछताछ की है। अब तक हत्या किए जाने की बात सामने नहीं आई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि छत की बाउंड्री से असुंतलित होकर बच्चा नीचे गिरा होगा। बच्चा चंचल स्वभाव का था। स्कूल में उछलकूद करता रहता था। मगर छत पर असुरक्षित ढंग से बच्चे को सुलाने की वजह से स्कूल वालों की लापरवाही भी उजागर हो रही है।

साल 2019 में खुले स्कूल का संचालन चेन्नई की संस्था कर रही है। ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि इस संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को भी दी गई है।

# रीपा में जल्द प्रारंभ करें प्रोडक्शन यूनिट का कार्य-कलेक्टर भीम सिंह

सी-मार्ट में अधिक मांग वाली सामग्रियों का बढ़ाये उत्पादन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आजीविका संवर्धन से जुड़े विभाग की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित आजीविका संवर्धन से संबंधित विभागीय कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।



### कलेक्टर सिंह ने ली आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों की बैठक

उन्होंने रीपा(रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) के तहत बनाए जा रहे मॉडल गोठानों की जानकारी लेते हुए गोठानों के लिए प्राप्त मशीनों के संचालन के लिए समूह को ट्रेनिंग देने के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कर प्रोडक्शन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गोठानों में कार्यरत सक्रिय महिला समूह को लाभांश प्राप्त हो रहा है, सुनिश्चित करें। उन्होंने समूह के सदस्यों के आय में वृद्धि के लिए गतिविधियों की नियमित मॉनिटिरिंग के साथ व्यवसायिक लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न ब्लाकों में रीपा के तहत निर्मित मॉडल गोठानों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी गोठानों में 5 प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। जिसके लिए समूहों की ट्रेनिग का कार्य एवं शेष बचे मॉडल गोठानों में विद्युत प्रबंध के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने गोठानों में किए जा रहे आयमूलक गतिविधियों के साथ ही समूह की आय और लाभांश की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गतिविधियों व्यवसायिक लिंकेज पर कार्य किया जाए जिससे समूहों के लाभांश में वृद्धि होगी। जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि रीपा गोठानों में निर्मित सामग्रियों की ब्रिकी एवं लिंकेज के संबंध में निरंतर बैठक ले एवं गोठानों का निरीक्षण करें।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के अलावा अन्य गोठानों 3-3 प्रोसेसिंग यूनिट कितनों गोठानों में उपलब्ध है उनका लिस्ट बनाया जाए। इसके साथ ही इन गोठानों में पानी, बिजली, मुर्गी शेड, मशीन जैसे अतिरिक्त आवश्यकता की मांग आती है, तो अतिशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि गोठानों में निर्मित सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे एवं समूह का लिंकेज आंगनबाड़ी, स्कूल एवं छात्रावास में किया जाए। जिससे ये संस्थान आवश्यक वस्तुओं की खरीदी संबंधित समूह से करेंगे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में गोठान के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां टांके निर्माण कर गोबर खरीदी के साथ गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने फारेस्ट गोठानों की भी समीक्षा की। उन्होंने एसडीओ फारेस्ट को फारेस्ट गोठानों में गोधन न्याय योजना शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गोठानों की पंजियों का संधारण करने के भी निर्देश दिए।

### सी-मार्ट में अधिक मांग वाली सामग्रियों का बढ़ाये उत्पादन

कलेक्टर सिंह ने सी-मार्ट के संचालन की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सी-मार्ट में अधिक मांग वाली सामग्रियों को मांग अनुसार प्राथमिकता से रखा जाए साथ ही ब्लाकों से निर्मित सामग्री को समय से सी-मार्ट को उपलब्ध करवायें। कलेक्टर श्री सिंह ने उप संचालक कृषि को स्वावलंबी गोठानों की लिस्ट बनाने के निर्देश दिए, ताकि आर्थिक रूप से बेहतर गोठानों को स्वावलंबी गोठान घोषित किया जा सके। उन्होंने इस वर्ष गोठानों को प्रदान कि जाने वाली राशि की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को मुनगा प्रोसेसिंग के कार्य को प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को सभी मॉडल गोठानों में मुर्गी शेड निर्माण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मछली पालन विभाग की कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिया कि गोठानों के अन्तर्गत मछली पालन के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

# धरमजयगढ़ में सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर किया गया मॉक ड्रिल

## फारेस्ट पुलिस व अन्य विभागों के आला अधिकारी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के बीआरसी केंद्र में मुख्यमंत्री शाला व व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस अवसर पर धरमजयगढ़ के सभी विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए।





इस दौरान सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को सुरक्षा उपायों को अपनाने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित फ रेस्ट एसडीओ बालगोविंद साहू ने हाथियों से सुरक्षा व उनके व्यवहार के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अक्सर हाथियों से संबंधित मामलों को लेकर वन विभाग की जिम्मेदार बताते हैं लेकिन हाथी जैसे विशालकाय जीव के लिये इस इलाके के जंगलों में भोजन पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने के कारण ही वह यहां रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन और वन्य जीव दोनों ही हमारे लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इको सिस्टम को बनाये रखने के लिए इन दोनों का संरक्षण आवश्यक है।

इस लिहाज से हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम सब मिलकर इनकी सुरक्षा को लेकर सामूहिक प्रयास करें। कायर्क्रम के दौरान हाथी मित्र दल के सदस्यों ने भी हाथियों के संरक्षण व उनके सुरक्षा उपायों के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। वहीं धरमजयगढ़ कॉलेज के प्राचार्य एस बी लकड़ा ने कहा कि शिक्षकों के बीच उपस्थित होना ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सुंदर व्यक्तित्वए सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका होती है। वहीं इस दौरान विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल भी किया गया। जिसमें अकस्मात घटने वाली घटनाओं जैसे रेस्क्यू ऑपरेशनए आग से बचाव व अन्य सुरक्षा उपायों का डेमो कर सामूहिक अभ्यास कराया गया।

इस दौरान डाइट प्राचार्य अनिल पैंकरा फारेस्ट एसडीओ बालगोविंद साहूए स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम अधिकारीए एबीईओ रविशंकर सारथीए मास्टर ट्रेनर लोकनाथ प्रधानए बीआरसी लेखपाल रंजू यादव सहित स्काउट गाइड व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी ने कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम पंचायत बासुदेवपुर के सरपंच-सचिव से परेशान ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।




विकास खंड दुलदुला अन्तर्गत ग्राम पंचायत बासुदेवपुर में हमेशा आये दिन शिकायत होते रहता है कि वहाँ के सचिव-सरपंच पंचायत भवन बंद रखते है और वहाँ की आम जनता को पंचायत स्तर का कार्य कराने के लिए कई दिनों तक पंचायत भवन का चक्कर लगाना पड़ता है तथा ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत बासुदेवपुर के सरपंच-सचिव सप्ताह में एक दो दिन ही पंचायत में बैठते हैं और एक से डेढ़ घंटा ही बैठते हैं जिसके कारण लोगों को अपना काम कराने के लिए बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है छोटे छोटे काम भी समय पर नहीं हो पाता है। जिससे लोग परेशान है किन्तु सरपंच सचिव को इससे कोई मतलब ही नहीं है आम जनता रो रहे हैं और सचिव-सरपंच सो रहे हैं का कहावत यहाँ चरितार्थ होते दिख रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है की ग्राम पंचायत वासुदेवपुर के सरपंच सचिव अपने कर्तव्यों निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं। यह एक गंभीर विषय है और यहाँ के आमजनमानस के साथ छल हो रहा है। संबधित उच्च अधिकारियों को सुध लेकर त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की दी जा रही जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा-निर्देश में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के गांवों एवं हाट बाजारों में कला जत्था के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज वैदही एजुकेशन इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च टेक्नोलॉजी सोसायटी, के कला जत्था दल द्वारा जशपुर विकासखण्ड के आरा, बालाछापर एवं जशपुर में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया है। कला जत्था टीम द्वारा लोगों को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ स्थानीय बोली में नाटक एवं गीतों के माध्यम से कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। लोग योजनाओं से रूबरू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए जागरूक हो रहे हैं।



# आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पेंशन शिविर सम्पन्न

**जगदलपुर** ।बस्तर जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पेंशन शिविर कलेक्टोरेट के जगदलपुर के प्रेरणा कक्ष में 06 एवं 07 जून को आयोजित किया गया। कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन धीरज नशीने एवं उनके टीम के द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार करने की जानकारी, सेवा पुस्तिका का संधारण, नामांकन, पेंशन नियमों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश एवं जानकारी दी गई। शिविर में विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों की जांच भी की गई, जिसमें कुल 58 प्रकरणों में से 08 न्यायालयीन प्रकरण, 04 अपात्र प्रकरण, 01 अनापत्ति प्रमाण पत्र के अप्राप्त प्रकरण, 01 तकनीकी त्रुटि से संबंधित 05 प्रकरण विलोपित के लिए, 13 प्रकरण जमा किया गया। 11 प्रकरण निराकृत किए शेष 14 प्रकरण शीघ्र निराकरण हेतु आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# बाड़ी विकास से जुड़ कर सहेली स्व.सहायता समूह की महिलाएं साग-सब्जी का कर रही उत्पादन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर जिले में गौठान के माध्यम से स्व.सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने विभिन्न प्रकार के आजीविका मूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहै। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके और अपने परिवार की आर्थिक मदद प्रदान कर सके। इसी कड़ी में बालाझापर गौठान की सहेली स्व.सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास का लाभ उठाते हुए सामुहिक रूप से गौठान में ही हरी सब्जियों का उत्पादन कर उसे बाजारों में उचित मूल्य पर विक्रय कर रही है। जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है। समूह की सदस्य अनिता ने बताया कि उनके द्वारा गौठान की एक एकड़ भूमि पर लौकीए करेला और तोरई सहित अन्य मौसमी सब्जी का उत्पादन करती है। जिससे समूह को लगभग 20 हजार की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि बाड़ी में सब्जियों का उत्पादन अच्छा हुआ है। स्थानीय बाजारों में ताजा सब्जियों की मांग भी अधिक होती है जिससे उनके सब्जियां आसानी से विक्रय हो जाते है। समूह की महिलाओं ने कहा कि बाजारों में सब्जियों की मांग को देखते हुए वे और भी अन्य सब्जियों का उत्पादन करेंगें। जिससे उनके समूह को आर्थिक रूप से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि सब्जी उत्पादन के लिए उन्हें प्रशासन के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिसका उन्हें अच्छा लाभ मिला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है।



# रायगढ़ में भूमि उपयोग बदलना आज भी हिमालय की चोटी पर चढ़ने जैसा दुष्कर कार्य

## भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ गया है नगर निवेश का दफ्तर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





शासन चाहे कितने भी दावे कर ले परंतु काम तो मैदानी अमले को ही करना होता है। आकाश पाताल एक हो सकते हैं परंतु राजस्व विभाग नगर निवेश और नगर निगम के कुछ कर्मचारी अधिकारी अपना काम इमानदारी से कर दे यह हो ही नहीं सकता।रायगढ़ व्यापारी संघ के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि आज भी रायगढ़ में किसी भी भूमि का उपयोग बदलना जिसे लोग डायवर्सन के नाम से जानते हैं हिमालय की चोटी पर चढ़ने जैसा दुष्कर कार्य है। आज जनता को मुख्य मार्ग पर स्थित भूमि को आवासीय से व्यवसायिक करवाने के लिए भी वर्षों चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जबकि मास्टर प्लान में यह स्पष्ट है कि मुख्य मार्ग की भूमियों को वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जा सकता है वही शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश है की लैंड यूज़ बदलने के लिए प्रत्येक दफ्तर सक्षम है जैसे कि नजूल विभाग को यह निर्देशित किया गया है कि वह अपने मैदानी अमले के स्थल निरीक्षण और 10 वर्ष पूर्व बने मास्टर प्लान को देखते हुए स्वविवेक से लैंड यूज़ को परिवर्तित कर सकता है जिससे शासन को अधिक राजस्व प्राप्त हो। ठीक उसी तरह छोटे प्लॉट पर लैंड यूज़ परिवर्तन का काम नगर निगम को भी सौंपा गया है परंतु यह दोनों ही विभाग विभागीय दिशानिर्देशों को ताक में रखकर आपके आवेदन को नगर निवेश में भेज देते हैं क्योंकि असली भ्रष्टाचार की गंगा यहीं से प्रस्फुटित होती है और यहां से हिस्सा अलग.अलग जगहों पर पूरी इमानदारी से पहुंचाया जाता है। शायद यही वजह है कि यहां का बाबू इतना पावर रखता है कि वह न केवल आपको हड़का सकता है बल्कि अपने बॉस को भी हड़काने से बाज नहीं आता। वह सबके सामने बॉस को यह तक कह देता है कि आपको तो कुछ आता जाता नहीं है और हस्ताक्षर करना भी आप नहीं जानते हैं आपने 4 इंच दूर हस्ताक्षर किया है जबकि आपको 4 इंच पहले हस्ताक्षर करने चाहिए थे। पब्लिक को स्पष्ट कहता है कि यह साहब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है इसको कुछ आता जाता नहीं है।

जबकि आपको यह स्पष्ट कर दें कि किसी भी बाबू या किसी भी अधिकारी में यह हिम्मत नहीं है कि वह शासन के दिशा निर्देशों और भारत के संविधान और नियम कानून के विरुद्ध जाकर आपका कोई काम कर दे ऐसा होता ही नहीं है यह लोग अपनी नौकरी कभी दांव पर नहीं लगाते सिर्फ सही को सही कहने का पैसा लेते हैं। और अब तो इतनी हद हो चुकी है कि यह लोग बदतमीजी पर भी उतर आए हैं विगत दिनों रायगढ़ तहसील में इतना बड़ा कांड हो गया उसके बाद भी कुछ बाबू आज भी इतने पावरफुल है कि आप उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। रायगढ़ व्यापारी संघ ने अपने सभी सदस्यों से कहा है कि वह भ्रष्टाचार को पनपने ना दें वह ऐसे लोगों का स्टिंग ऑपरेशन करें ताकि ऐसे लोगों का नकाब उतारा जा सके और उन्हें देश के कानून के तहत सजा दिलवाई जा सके व्यापारी संघ ने कहा है कि उनके साथ यदि किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव या दुर्व्यवहार होता है तो उसकी सूचना संघ के पदाधिकारियों को अवश्य दें ताकि उचित फोरम तक यह बातें पहुंचाई जा सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह है कि वह राजस्व विभाग नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायत नगर निवेश जैसे दफ्तर जिनमें आम आदमियों का काम पड़ता है उसमें उच्चाधिकारियों और जनता की संयुक्त कमेटियां बना कर औचक निरिक्षण आदेश प्रदान करें जिससे यहां की कारगुजारीयां उजागर हो सके।

## एक नजर

### उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल बरगढ़ खोला के नंदगांव पहुंच स्व. बाबूराम राठिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल बुधवार को खरसिया विधानसभा के बरगढ़ खोला क्षेत्र के ग्राम नंदगांव पहुंचे। जहां उन्होंने नंदगांव के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता स्व. बाबूराम राठिया को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंत्री पटेल ने स्व. बाबूराम राठिया के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया एवं उन्हें दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

### बाइक सवार लोगों को बचाने के चक्कर में शक्कर से भरी ट्रक पलटी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



सारंगढ़ से रायगढ़ रोड़ में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शक्कर से भरी ट्रक एक बाइक सवार लोगों को बचाने के चक्कर में पलट गई ।तथा वहीं यह घटना गुड़ेली और बंजारी के बीच रप्टा के पास हुई हैं जिसमें ट्रक ड्राइवर और हेल्फर को सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर सारंगढ़ पुलिस पहुंच कर जांच में जुटी गई।

### जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के अभ्यर्थियों के अनुभव एवं कोविड ड्यूटी से संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप करावें

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड सरगुजा संभाग ;अंबिकापुर द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संभाग स्तरीय, जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। अभ्यर्थियों द्वारा अनुभव एवं कोविड ड्यूटी के बोनस अंक प्राप्त करने के संबंध में ऑनलाईन दावा किया गया है। उक्त के संबंध में किसी तरह के प्रमाण-पत्र अपलोड करने का विकल्प नहीं था। जिससे मेरिट सूची जारी किये जाने के पूर्व उसमें शुद्धता लाने के दृष्टिकोण से अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण.पत्र एवं कोविड ड्यूटी से संबंधित प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला जशपुर के जिला स्तरीय तृतीय श्रेणी के पदों के अभ्यर्थियों के अनुभव एवं कोविड ड्यूटी से संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जशपुर में 14 जून 2022 से 20 जून 2022 के मध्य किया जाना है। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी अभ्यर्थी जिनके द्वारा अनुभव एवं कोविड ड्यूटी के बोनस अंक प्राप्त करने के संबंध में ऑनलाईन दावा किया गया हैए वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जशपुर में नियत तिथि को मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन आवश्यक रूप से करावें।

### नवोदय विद्यालय समानान्तर प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9 वीं की भर्ती हेतु नवोदय विद्यालय समानान्तर प्रवेश परीक्षा 2021-22 के परिणाम सीबीएसई नई दिल्ली के द्वारा 8 जून 2022 को घोषित किया गया है। जिसमें रायगढ़ जिले से कल्पना सिदार एवं दीक्षाश्री प्रधान का नाम शामिल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in